RNI .NO. MPBIL / 2013/ 54381

दैनिक

# सद्भावना पाती

...प्राणियों में सद्भावना हो...

संपादकः- डॉ. देवेन्द्र मालवीय

11 वर्ष

www.sadbhawnapaati.com Email: sadbhawnapaatinews@gmail.com इंदौर, शुक्रवार ●08 मार्च , 2024 वर्षः-11 अंक - 310 मूल्य -1 रु. कुल पृष्ठ - 8

## देश भर में आज रहेगी महाशिवरात्रि की धूम



### हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजेंगे शिवालय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश भर में कल शुक्रवार को महाशिवरात्रि का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। शास्त्रों के अनुसार महाशिवरात्रि का दिन शिवजी के प्राकट्य और शिव विवाह का दिन माना जाता है। मान्यता है जो व्यक्ति इस दिन व्रत रखकर शिव जी की पूजा अर्चना करता है भगवान शिव उसकी सभी मनोकामना पूरी करते हैं। इस साल महाशिवरात्रि का त्योहार कल शुक्रवार, 8 मार्च को मनाया जाएगा। इस दिन 5 शुभ योग भी बन रहे हैं, जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है।



### अनोखा है यह मंदिर, यहां हैं 1 करोड़ शिवलिंग ,मन्नत पूरी होते ही लोग स्थापित करते हैं अपना शिवलिंग

कोट्टायम (एजेंसी)। वैसे तो भारत का हर शिव मंदिर अनोखा है, लेकिन आज हम आपको भारत के एक ऐसे शिव मंदिर के बारे में बता रहे हैं, जहां हर कोई जाना चाहता है। इस मंदिर की अनोखी बात यह है कि इसमें एक या दो नहीं बल्कि विभिन्न प्रकार के 1 करोड़ शिवलिंग हैं। तो आइए जानते हैं भारत के इस अनोखे शिव मंदिर के बारे में। बेंगलुरु से लगभग 100 किमी दूर, कर्नाटक के कोलार जिले के कम्मासंद्रा गांव में भगवान शिव का प्रतिष्ठित मंदिर है। इसे कोटिलिंगेश्वर नाम से जाना जाता है। मंदिर की खासियत है कि यहां विभिन्न आकारों के लगभग 1 करोड़ शिवलिंग हैं। कन्नड़ में कोटिलिंगेश्वर से कोटि का मतलब करोड़ होता है। लिंगों का आकार 1 फुट से लेकर 3 फुट तक होता है। ये लिंग 15 एकड़ भूमि में फैले हुए हैं और देखने में बेहद सुंदर लगते हैं।

## पूर्वोत्तर की 25 में से 22 सीटें जीतेगा भाजपा गठबंधन

### पीएम मोदी के दौरे से पहले हिमंत बिस्वा सरमा का बड़ा दावा

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) आगामी आम चुनावों में पूर्वोत्तर की 25 लोकसभा सीटों में से 22 पर जीत हासिल करेगा। गुवाहाटी में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सरमा ने



कहा कि असम की 14 लोकसभा सीटों में से केवल तीन सीटों पर ही अभी अनिश्चितता है। नॉर्थ ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस के संयोजक सरमा ने कहा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पूर्वोत्तर की 25 लोकसभा सीटों में से 22 पर जीत हासिल करेगा। असम को छोड़कर हमें पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य राज्यों में सभी सीटें जीतने की उम्मीद है।

## नवनीत राणा निर्दलीय से अब बनेंगी बीजेपी उम्मीदवार

### महाराष्ट्र में 32 सीटों पर तैयारी कई महिलाओं की आएगी बारी

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में सीट बंटवारे को लेकर भाजपा में मंथन का दौर चल रहा है। अमित शाह मंगलवार को मुंबई पहुंचे थे और उन्होंने एकनाथ शिंदे और अजित पवार से



मुलाकात की थी। इस बार महाराष्ट्र में बीजेपी से कई सीटों पर महिलाओं को मौका मिलेगा। बीड़ सीट से प्रीतम मुंडे का नाम फाइनल माना जा जा रहा है। इसके अलावा उनकी बहन पंकजा मुंडे को भी टिकट मिलने की उम्मीद है। अमरावती सीट से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा इस बार भाजपा की कैंडीडेट बन सकती हैं। इसेक अलावा हीना गावित को नंदूरबार से मौका मिलेगा।

## कश्मीर बंदिशों से आजाद लौटाए जा रहे हैं अधिकार

- श्रीनगर में बोले पीएम मोदी, परिवारवाद किया बड़ा हमला
- जम्मू-कश्मीर को बताया अपना परिवार,रमजान की बधाई

### शंकराचार्य का भी किया जिक्र,की दिल जीतने की कोशिश

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर मेरा परिवार है। इसे मैंने कभी इससे अलग नहीं समझा। पीएम नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में हजारों लोगों को संबोधित करते हुए लोगों के दिलों को छूने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि आज नया कश्मीर दिख रहा है, जिसका हमें दशकों से इंतजार था।



पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां बंदिशें खत्म हो गई हैं और लोगों की उम्मीदें पूरी हो रही है। उनके अधिकार वापस लौटाए जा रहे हैं। उन्होंने इस दौरान कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों ने पूरे देश को भ्रम में डाला कि आर्टिकल 370 जरूरी है। लेकिन उसके चलते यहां लोगों के साथ अत्याचार होते रहे और उन्हें अधिकार नहीं मिलते थे। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद परिवारवादी राजनीति का सबसे ज्यादा शिकार जम्मू-कश्मीर हुआ है। आज ये लोग कह रहे हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है, लेकिन देश करारा जवाब दे रहा है।

### मैं 2014 से आपका दिल जीतने की कोशिश कर रहा

पीएम मोदी ने कहा- आपके इतनी बड़ी तादाद में आने से मैं जितना खुश हूं, उतना ही कृतज्ञ हूं। प्यार के इस कर्ज को चुकाने में मोदी कोई कसर नहीं छोड़ेगा। 2014 के बाद से मैं जो मेहनत कर रहा हूं, आपका दिल जीतने की कोशिश कर रहा हूं। देख रहा हूं कि कोशिश सही दिशा में जा रही है। ये मोदी की गारंटी है यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी। पीएम मोदी ने बख्शी स्टेडियम की सभा में कहा- धरती के स्वर्ग पर आने का अहसास शब्दों से परे है। प्रकृति का ये अनुपम स्वरूप, ये हवा, ये वातावरण और आप कश्मीरी भाई-बहनों का इतना सारा प्यार। स्टेडियम के बाहर भी जम्मू-कश्मीर के लोग मौजूद हैं। मैं अभिनंदन करता हूं। ये वो नया जम्मू-कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को था। ये वो जम्मू-कश्मीर है जिसके लिए मुखर्जी ने बलिदान दिया।

### नीतिश कुमार आ चुके, नवीन पटनायक भी लगभग तैयार



नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार की एनडीए में वापसी हो चुकी है। ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल के प्रमुख नवीन पटनायक के भी जल्द एनडीए में वापसी की अटकलें हैं। अब खबर है कि भारतीय जनता पार्टी भारत के दक्षिणी राज्य आंध्र प्रदेश में भी बड़े गठबंधन की तैयारी में है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर अब तक कुछ नहीं कहा गया है।

30 लाख सरकारी नौकरी

## कॉलेज के बाद सबको एक लाख

### मिशन लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी ने चला बड़ा दांव



**बांसवाड़ा (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा दांव चल दिया है। युवा वोटर्स को साधने के लिए उन्होंने मंच से कई बड़े वादे किए हैं।

राहुल गांधी ने कहा है कि यदि देश में कांग्रेस की सरकार बनती है तो 30 लाख पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके आलावा उन्होंने कॉलेज खत्म होने के बाद एक लाख रुपए वाली अप्रेंटिसशिप देने की भी घोषणा की है। उन्होंने युवा न्याय का ऐलान करते हुए पांच वादे किए हैं। मणिपुर से मुंबई तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी ने गुरुवार को राजस्थान के बांसवाड़ा में एक जनसभा को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा, हिन्दुस्तान में 30 लाख सरकारी रिक्तियां हैं।

मोदी जी इनको भरवाते नहीं हैं। बीजेपी इनको भरती नहीं है। सरकार में आने के बाद हमारा पहला काम होगा कि 90 पर्सेंट को 30 लाख नौकरियां हम देंगे। राहुल गांधी ने दूसरे वादे के तहत कहा कि देश में हर ग्रैजुएट को एक लाख रुपए वाला एक अधिकार दिया जाएगा। उन्होंने हर युवा को अप्रेंटिसशिप का अधिकार देने की बात कही। उन्होंने कहा, हम मनरेगा लाए।

### 40 साल से कम के युवाओं के लिए स्टार्टअप फंड

राहुल गांधी ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए फंड देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी जी ने स्टार्ट अप इंडिया किया, स्टैंडअप इंडिया किया, मेक इन इंडिया किया, कोई फर्क नहीं पड़ा। सब कुछ दो-तीन अरबपति ले गए। युवाओं को ना स्टार्टअप मिला ना मेक इन इंडिया। हमने स्टार्टअप के लिए 5 हजार करोड़ का फंड बनाया है।

### गीग वर्कर्स के लिए राजस्थान वाला कानून देश में करेंगे लागू

राहुल गांधी ने कहा कि बहुत से युवा ओला-ऊबर, डिलीवरी का काम करते हैं इन्हें गीग वर्कर्स कहते हैं। इनकी सामाजिक सुरक्षा के लिए लिए राजस्थान में हमने कानून बनाया था, उस कानून को पूरे हिन्दुस्तान में लागू करने जा रहे हैं। जो ड्राइवर, सिक्यॉरिटी गार्ड, ऊबर-ओला, पिज्जा डिलीवरी का काम करते हैं, इनकी रक्षा हो, इनके लिए पेंशन और सामाजिक सुरक्षा हो, इन्हें एक दिन में नौकरी से ना निकाला जा सके। इसके

## प्रदेश कांग्रेस में अभी तक फाइनल नहीं हुए नाम

### पार्टी कर रही है माथापच्चाी, पैनल में है एक ही नाम

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव को लेकर उल्टी गिनती शुरू हो गई है। चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग कभी भी आदर्श आचार संहिता का ऐलान कर सकता है। ऐसे में मध्य प्रदेश में भी राजनीति गरमा गई है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपने-अपने प्रत्याशियों और चुनावी रणनीति को लेकर लगातार बैठक कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मध्य प्रदेश में समापन हो चुका है, लेकिन कांग्रेस आज तक एक भी प्रत्याशी का ऐलान नहीं कर पाई है। इससे उलट भारतीय जनता पार्टी ने पिछले दिनों ही 29 में से 24 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। हद तो इस बात की हो गई है कि प्रदेश की सभी 29 सीटों में से पैनल बनाने के लिए कांग्रेस के पास एक से ज्यादा नाम भी नहीं है। अधिकांश संसदीय क्षेत्र में से कांग्रेस पार्टी ने एक-एक नाम का ही पैनल बनाया है। गुरुवार को देश की राजधानी नई दिल्ली में कांग्रेस के सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक हुई। बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्ष रजनी पाटिल के साथ ही मध्य प्रदेश के प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और सीडब्ल्यूसी मेंबर ओंकार सिंह मरकाम शामिल होने पहुंचे हैं।






## आरजीपीवी के कुलपति प्रो. सुनील कुमार का इस्तीफा हो गया मंजूर

### 19.48 करोड़ रुपए प्राइवेट अकाउंट में जमा कराने का आरोप, रूपम गुप्ता को प्रभारी कुलपति बनाया

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के कुलपति प्रो. सुनील कुमार का इस्तीफा गुरुवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मंजूर कर लिया। इसके साथ ही आरजीपीवी की कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी डिपार्टमेंट की प्रोफेसर रूपम गुप्ता को प्रभारी कुलपति बनाया है। प्रो. सुनील कुमार का आरजीपीवी में बतौर कुलपति दूसरा कार्यकाल था। इसे जून 2025 में पूरा होना था। उल्लेखनीय है बुधवार को छुट्टी से लौटने के बाद कुलपति प्रो. सुनील कुमार यूनिवर्सिटी में विभिन्न डिपार्टमेंट के प्रोफेसर्स के मुलाकात के बाद राजभवन जाकर राज्यपाल मंगू भाई पटेल को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने आरजीपीवी में बड़ा घोटाला होने की बात कर कहा था कि कुलपति प्रो. सुनील नहीं हटते तो उन्हें सरकार हटाएगी। गांधीनगर थाने में कुलपति सहित पांच पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। ऐसे में प्रो. सुनील कुमार बुधवार को आरजीपीवी पहुंचे। कुछ प्रोफेसर्स के पास इस्तीफे की जानकारी पहुंचाई।

# सरकार बहनो की जुम्मेवारी गठरी को कम कर रही है-विधायक श्री टण्डन

**विदिशा (निप्र)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज बुधवार को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से देश की स्वसहायता समूहो की बहनो से संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भिंड जिले में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में सहकारिता व किसान सम्मेलन के तहत मुख्यमंत्री किसान सम्माननिधि, फसल बीमा योजना की राशि का अंतरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया। जिला मुख्यालय पर उपरोक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने सुनने के प्रबंध आयोजन स्थल रविन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में सुनिश्चित किए गए थे।



विदिशा विधायक श्री मुकेश टण्डन ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि बहनो के ऊपर विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारी होती है चाहे वह पारिवारिक हो, बच्चों की हो, खान-पान की हो या फिर सामाजिक। जुम्मेवारियों की गठरी उनके सर पर रखी रहती है सरकार के द्वारा बहनो की जुम्मेवारी गठरी को विभिन्न स्तर पर कम किया जा रहा है। विदिशा विधायक श्री मुकेश टण्डन ने आज स्व-सहायता समूहो की बहनो से आयोजित चर्चा सम्मेलन में कहा कि सरकार के द्वारा हरेक बहन के स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि बहने सामाजिक स्तर पर बहने पीछे ना रह सकें।

बहनो की समस्याएं कैसे कम हो कि ओर केन्द्र व राज्य की डबल इंजन वाली सरकार के द्वारा विशेष पहल की जा रही है। विधायक श्री टण्डन ने ग्रामीण बहनो के जीवन में सुधार लाने हेतु स्व-सहायता समूह की अवधारणा से हो रहे परिवर्तन को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बहनो का जीवन आर्थिक रूप से सबल हो ताकि घरेलू, सामाजिक स्तर पर सम्पन्नता में वृद्धि हो। उनकी सम्पन्नता पर ही समाज व प्रदेश का विकास भी आगे बढेगा।

विधायक श्री टण्डन ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की मंशा है कि हर बहन लखपति बनें। इसके लिए शासन की योजना व जनकल्याणकारी कार्यक्रमों से उनके आर्थिक क्षेत्र को बढावा मिले। इस लिए जिला प्रशासन द्वारा स्व-सहायता समूहो के उत्पादको का अधिक से अधिक क्रय कराकर, बाजार की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि बहनो की आर्थिक प्रगति से गांव का विकास होगा। उनके सम्मान में वृद्धि होगी। खेती को लाभ का धंधा बनाने में पीछे नहीं रहेंगे। सुविधाओं की पूर्ति होने से बहनो के जीवन में हर स्तर पर खुशियां परलिक्षित होगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी मंशा के अनुरूप अब बहने किसी भी क्षेत्र में अपने आपको कमजोर ना समझें। महिला सशक्तिकरण को बढावा देने के लिए राज्य व केन्द्र सरकार के द्वारा अनेक ऐसी योजनाएं संचालित की जा रही है जिनका लाभ लेकर वे अपने जीवन में परिवर्तन ला सकते है। इसके लिए हम बहनो को जागरूक होना अतिआवश्यक है। उन्होंने जिले में आजीविका मिशन के तहत गठित स्वसहायता समूहो के माध्यम से आर्थिक रूप से सबल हो रही बहनो को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की है।

कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने कहा कि आधुनिक युग में अब महिलाएं भी पुरूषो के साथ कदम से कदम मिलाकर प्रगति के सोपानो की ओर अग्रसर हो रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार का विकास महिलाओं के उत्थान के बिना संभव नहीं है। अनेक कल्याणकारी योजनाएं सिर्फ महिलाओं के चहुंमुखी विकास हेतु संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि हम सबका यह नैतिक दायित्व है कि चिन्हित योजनाओं का लाभ गांव शहर की सुपात्र महिलाओं को मिले ताकि योजनाओं के लाभ से वे भी सामाजिक व आर्थिक स्तर पर बराबरी कर सकें। कार्यक्रम को जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने भी सम्बोधित किया। कॉ-आपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्री श्यामसुन्दर शर्मा ने प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना जिसकी वार्षिक प्रीमियम मात्र 20 रूपए है उन्होंने सभी से बीमा कराने का आव्हान किया।

रविन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहो की बहनो को बैंको के माध्यम से स्वीकृत राशि पत्रक वितरित किए गए। वहीं किसान सम्मेलन में किसान सम्माननिधि एवं फसल बीमा की राशि का भी अंतरण किया गया है। अतिथियों के द्वारा स्वीकृति पत्रों का वितरण हितग्राहियों को किया गया है। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभांरभ पूजन दीप प्रज्जवलन कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। आयोजन उद्धेश्यों पर जिला पंचायत सीईओ के द्वारा गहन प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात योजनाओं से लाभांवित होने वाली महिला हितग्राहियों के द्वारा सफलता की कहानी अपनी जुबानी के माध्यम से अभिव्यक्त की गई। उद्यमी महिलाओं को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तहत खरीफ फसल वर्ष 2023 की राशि विदिशा जिले के कृषको को भी जारी की है। वहीं मुख्यमंत्री किसान सम्माननिधि के तहत जिले के 2.43 लाख हितग्राहियों को तृतीय किश्त की राशि जारी की गई है।अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत स्प्रिंकलर सेट, पाइपलाइन, विद्युत पंप क्रय स्वीकृति अनुदान जारी प्रमाण पत्र हितग्राहियों को प्रदाय किए गए है।

मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन तहत सात वर्षीय परियोजना अंतर्गत जिले के 4800 स्वसहायता समूहो को 5.6 करोड़ चक्रीय निधि राशि प्रदाय की गई। मिशन के परियोजना अधिकारी श्री संजय चैरसिया ने बताया कि जिले में प्रमुख रूप से स्वसहायता समूह के तहत कृषि गतिविधियों, पशुपालन, व्यवसायिक सब्जी उत्पादन एवं लघु उद्यमिता विकास गतिविधि सहित अन्य गतिविधियो का संचालन किया जा रहा है। जिले में कुल 78 हजार समूह सदस्य लखपति श्रेणी में आ चुके है समूहो के सफल संचालन हेतु 628 सीआरपी दीदी को प्रशिक्षित किया गया है। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहो की लखपति दीदीओ के द्वारा प्रगति के सोपानो का सफलता की कहानी के रूप में अपनी जुबानी से अभिव्यक्त की।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागो के अधिकारी, कर्मचारी, महिला स्व-सहायता समहो के सदस्य, कृषकबंधु, गणमान्य नागरिक, लीड़ बैंक आफीसर श्री नरेश मेघानी सहित अन्य बैंकर्स प्रतिनिधि मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीमती अनीता बाई हर महीने दिव्यांग पेंशन मिलने से हैं खुश

**रायसेन (निप्र)।** रायसेन नगर के वार्ड नम्बर-01 नरेपुरा निवासी श्रीमती अनीता बाई दिव्यांग पेंशन की राशि मिलने से खुश है, उन्हें हर महीने नि :शुल्क राशन भी मिलता है। श्रीमती अनीता बाई ने दिव्यांग पेंशन और नि :शुल्क खाद्यान्न के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि सरकार द्वारा गरीब जनों को ध्यान में रखकर अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे उनकी भरण-पोषण की समस्या दूर हो गई है।

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की

**हरदा (निप्र)।** आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को अवैध मदिरा के विक्रय संग्रहण व परिवहन के मामलों में कार्यवाही की है। जिला आबकारी अधिकारी श्री रितेश लाल ने बताया कि उनके विभागीय दल ने वृत हरदा के खेड़ीपुरा मोहल्ला, टंकी मोहल्ला, लाल स्कूल व ग्राम पलासनेर, वृत खिरकिया के ग्राम धनकार, धूपकरण व रोलगांव में दबिश देकर कुल 13 पाव देशी शराब, 21 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 350 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया। उन्होंने बताया कि मुद्देमाल जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 7 प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए गए। जप्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य 40045 रूपये है।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 12 मार्च को होगी

**हरदा (निप्र)।** जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 12 मार्च को आयोजित होगी। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग श्री डी.के. सिंह ने बताया कि यह बैठक कृषि उपज मण्डी प्रांगण हरदा में दोपहर 3 बजे से आयोजित होगी। बैठक में ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई वर्ष 2024 के लिये तवा बांयी तट मुख्य नहर में जल प्रवाह छोड़े जाने की तिथि व पानी की मांग का निर्धारण, ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई हेतु कृषि विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों तथा ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई के लिये विद्युत आपूर्ति सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### आष्टा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह अंतर्गत जिला स्तरीय बाल पंचायत सम्मेलन आयोजित

**सीहोर (निप्र)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत आष्टा चौपाटी स्थित मॉर्निंग स्टार इंगलिश स्कूल में महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से बालिका शिक्षा सुरक्षा कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय बाल पंचायत आयोजित की गई । कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रफुल्ल खत्री द्वारा सोशल मिडिया के अपराध से बच्चों को बचाने के लिए जानकारी प्रदान दी गई । कार्यक्रम में बाल विवाह पर नुक्कड नाटक, गरिमा केंद्र के बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई । इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री अजब सिंह राजपुत ,युवा विकास मंडल संस्था द्वारा सीहोर में संचालित 20 गरिमा केंद्रों के 600 बच्चे उपस्थित रहे।

### प्रदेश की बहनों को लखपति दीदी बनाना सरकार का लक्ष्य -पूर्व मुख्यमंत्री श्री चौहान



**सीहोर (निप्र)।** कृषक संगोष्ठी भवन भैरूंदा में शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्व सहायता समूहों की महिलाओं को संबोंधित करते हुए कहा कि मेरी हर बहन को लखपति बनाना है । हर बहन गरीबी से मुक्त हो और उनकी आमदानी प्रतिवर्ष एक लाख रुपए से अधिक हो, इसके लिए सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम किया जा रहा है। श्री चौहान ने कहा कि सशक्त भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी बहनों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके, इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने व्हीसी के माध्यम से स्व सहायता समूहों से जुड़ी बहनों को संबोधित किया । इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रवि मालवीय एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी ।

## जिला स्तरीय कांटेक्ट सेंटर के माध्यम से होगा शिकायतों का निराकरण

**हरदा (निप्र)।** लोकसभा निर्वाचन के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के दिन से निर्वाचन संबंधी शिकायतें टोल फ्री नम्बर 1950 पर ऑनलाइन प्राप्त करने एवं उनके त्वरित निराकरण के लिये संबंधित अधिकारियों को भेजने हेतु कलेक्ट्रेट भवन के प्रथम तल पर स्थित कक्ष क्रमांक 70 में जिला कांटेक्ट सेंटर स्थापित किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आदित्य सिंह ने कांटेक्ट सेंटर पर अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जारी आदेश अनुसार संयुक्त कलेक्टर सुश्री रजनी वर्मा कांटेक्ट सेंटर की प्रभारी अधिकारी होंगी। जिला कांटेक्ट सेंटर के लिये जारी आदेश अनुसार प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिये ऑपरेटर शासकीय हाई स्कूल सोमगांवकला श्री राजकुमार भवरे, ऑपरेटर शासकीय हाई स्कूल रामटेकरैयत सुश्री मुस्कान खान व भृत्य विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हरदा श्री भगवानदास वामने की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक के लिये ऑपरेटर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनतलाई श्री दुर्गेश वर्मा, ऑपरेटर शासकीय हायर सेकण्ड्री स्कूल बिच्छापुर श्री तेजराम नंद मैहर व भृत्य हाई स्कूल बाजनिया श्री संजय दुबे की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक के लिये ऑपरेटर शासकीय हाई स्कूल करताना श्री अभिषेक रघुवंशी, ऑपरेटर शासकीय हाई स्कूल बिछौला श्री प्रदीप गौर व भृत्य उत्कृष्ट विद्यालय हरदा श्री विवेक कुमार की ड्यूटी लगाई गई है।

## समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेता भाजपा में हुए शामिल, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के समक्ष ली पार्टी की सदस्यता

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष गुरुवार को गुनौर से समाजवादी पार्टी की विधानसभा प्रत्याशी श्रीमती अमिता बागरी, कांग्रेस जिला महासचिव पुष्पेंद्र सिंह, आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष दीपेंद्र प्रताप सिंह, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष गोविंद सिंह सोलंकी, करणी सेना जिला उपाध्यक्ष बसंतप्रताप सिंह एवं प्रशांत भार्गव ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने उनका अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व सागर संभाग के प्रभारी चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी उपस्थित रहे।



## स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव संपन्न कराने व्यय अनुवीक्षण दलों का प्रशिक्षण

**सीहोर (निप्र)।** स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला पंचायत सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दल, सहायक व्यय प्रेक्षक, उड़न दस्ता दल, वीएसटी, एमसीएमसी, एसएसटी, एफएसटी दलों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया । प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा दलों के दायित्वों के संबंध में जानकारी दी गई । उन्होंने निर्वाचन व्यय लेखा के कार्यों, निर्वाचन व्यय के प्रकार तथा एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी के कार्य के संबंध में पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी ।

मास्टर ट्रेनर द्वारा जप्ती की कार्यवाही तथा प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से बताया । प्रशिक्षण में चेक पोस्ट तथा उड़नदस्ता दल को निगरानी रखने, वाहनों की जांच, परिवहन के सामग्रियों के दस्तावेज परीक्षण तथा कार्यवाही की सम्पूर्ण वीडियोग्राफी करने आदि के संबंध में जानकारी दी गई । संबंधित दलों के अधिकारियों कर्मचारियों को कम से कम समय में त्वरित कार्रवाई कर इसकी जानकारी प्रेषित करने के निर्देश दिए । पृथक- पृथक दल के नोडल अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई करें । इसके लिए दल के द्वारा की गई कार्यवाही से संबंधित प्रपत्रों में प्रतिवेदन उपलब्ध कराये समय सीमा में । शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेंटर के नम्बर का व्यापक प्रचार- प्रसार किया जाये । नागरिकों द्वारा सी विजिल ( सिटीजन विजिलेंस ) एप का भी इस्तेमाल किया जा सकता है । प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री सतीश राय, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री पंकज जैन, डॉ लखन कलेशिया, डीआईओ श्री संजय जोशी ने व्यय अनुवीक्षण दलों के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया ।

## चित्रकूट पहले से विश्व पटल पर, इसे आधुनिक पर्यटन स्थल बनाएगी भाजपा सरकार

### पार्टी कार्यकर्ता सुझाव पेटियां लेकर घर-घर जाएंगे - विष्णुदत्त शर्मा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश में स्थित चित्रकूट धाम के विकास के लिए कई सौगातें दी हैं। इसके अंतर्गत राम वन गमन पथ पर पड़ने वाले सभी प्रमुख तीर्थस्थलों का विकास होगा। चित्रकूट पहले से विश्व पटल पर है, भाजपा की डबल इंजन सरकार इसे आधुनिक धार्मिक पर्यटन स्थल बनाएगी। भाजपा की डबल इंजन सरकार इसी तरह से ओरछा और प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने चित्रकूट को मिली सौगातों के लिए प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार जताते हुए कही।

#### चित्रकूट के साथ दतिया और अमरकंटक का भी होगा विकास

श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के धार्मिक पर्यटन स्थलों को दी गई सौगातों का स्वागत करते हुए कहा कि चित्रकूट के भरत घाट, विश्राम घाट और राघव प्रयाग घाट का 27 करोड़ की लागत से कायाकल्प किया जाएगा, जिससे लगभग 200 केवट परिवारों को लाभ मिलेगा। चित्रकूट में अलग से एसडीएम कार्यालय बनेगा। नगर के प्रवेश द्वार से एमपीटी चौराहा, कामतानाथ, एमपी-यूपी बॉर्डर तक फोर-लेन रोड का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही परिक्रमा पथ पर स्थित गोदावरी, सती अनुसुईया, हनुमान धारा, भरत घाट और अन्य स्थलों पर जो अतिक्रमण हैं, उन्हें जनता के सहयोग से हटाया जाएगा। इसके अलावा दतिया में पीतांबरा पीठ के विकास के लिए 25 करोड़ की सौगात दी गई है तथा अमरकंटक में प्रसाद योजना के माध्यम से 50 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य का वर्चुअली शुभारंभ किया गया है।

#### पार्टी के संकल्प पत्र में होगी मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका

उन्होंने कहा कि बीजेपी द्वारा अपने संकल्प पत्र के लिए ऑनलाइन, ऑफलाइन, नमो एप तथा संगठन एप के माध्यम से लोगों से सुझाव लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य लोगों की एक टीम इसके लिए काम कर रही है। इस टीम ने यह तय किया है कि आने वाली तिथियों में मंडल स्तर और इससे नीचे के स्तर पर पार्टी कार्यकर्ता सुझाव पेटियां लेकर घर-घर जाएंगे। मध्यप्रदेश के प्रत्येक वर्ग के लोग, समाज के ऐसे लोग जो अपनी एक सोच रखते हैं इन सुझावों के माध्यम से यह बताएंगे कि पार्टी का संकल्प पत्र कैसा हो और आजादी के इस अमृतकाल में वर्ष 2047 तक भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा क्या हो? इन सुझावों को पार्टी के संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा और इस हिसाब से पार्टी के संकल्प पत्र को बनाने में मध्यप्रदेश की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

श्री शर्मा ने कहा कि लोकसभा की जिन सीटों के लिए पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा नहीं हुई है, उन सीटों पर भी केंद्रीय नेतृत्व और पार्लियामेंट्री बोर्ड जल्द फैसला करेगा। उन्होंने कहा कि जो सूची जारी की गई है, उसमें महिलाओं, युवाओं, गरीब, किसान सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व मिला है। आने वाले लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों के रूप में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व मिले, इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी लगातार प्रयास कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री द्वारा स्व-सहायता समूहों की बहनों से संवाद कार्यक्रम का रायसेन वन परिसर में देखा गया लाइव प्रसारण

**रायसेन (निप्र)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुधवार को पश्चिम बंगाल में आयोजित कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से देश की विभिन्न स्व-सहायता समूहों की बहनों से संवाद किया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भिण्ड से कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। रायसेन में वन परिसर में आयोजित जिला स्तरीय स्व-सहायता समूहों की बहनों से संवाद कार्यक्रम का जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन तथा कलेक्टर श्री अरविंद दुबे एवं महिला जनप्रनिधियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री दुबे द्वारा जिले में महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने आजीविका मिशन के तहत स्व-सहायता समूहों के माध्यम से किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया गया। वन परिसर में प्रधानमंत्री श्री मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ यादव के उद्बोधन का लाईव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्व-सहायता समूहों की बहनें उपस्थित रहीं।

## जिले की महिलाएं स्व सहायता समूहों से जुड़कर लखपति दीदी बनने की और बढ़ा रहीं कदम

**विदिशा (निप्र)।** विदिशा जिले की महिलाएं आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूहों से जुड़कर लखपति दीदी बनने की ओर कदम बढ़ा रही हैं... यह कहना है विदिशा जिले के ग्यारसपुर विकासखंड के ग्राम घटेरा के कृष्णा स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों का... समूह से जुड़कर इन 10 महिला सदस्यों की प्रति माह की आमदनी 10 से 15 हजार रुपए हो गई है। जिससे उनका पारिवारिक भरण पोषण बेहतर तरह से हो रहा है। समूह की अध्यक्ष श्रीमती पूनम पंथी बताती हैं की आजीविका मिशन ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत महिलाओं के लिए आय का एक बेहतर स्रोत बनकर सामने आया है। उन्होंने बताया कि वह और उनके समूह की महिला सदस्य आजीविका मिशन से जुड़कर स्व सहायता समूह के माध्यम से मुर्गी पालन का व्यवसाय संचालित करती हैं।

मुर्गी पालन के व्यवसाय के लिए उन्हें आजिविका मिशन के माध्यम से पहली बार डेढ़ लाख रुपए का ऋण प्राप्त हुआ था जिससे उन्होंने मुर्गी पालन का व्यवसाय



शुरू किया। व्यवसाय में मुनाफा हुआ और उन्होंने इस राशि को बैंक में भरकर दूसरी बार तीन लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया और उसे भी उन्होंने अपने व्यवसाय का संचालन कर चुकता कर दिया। अब उन्होंने बताया है कि उन्हें छह लाख की राशि का ऋण प्राप्त हुआ है जिससे वह और उनकी टीम की महिला सदस्य अपने मुर्गी पालन के व्यवसाय को और अग्रसर करेंगी। आजीविका मिशन तहत स्व सहायता समूह के माध्यम से ऋण मुहैया कराकर व्यवसाय के माध्यम से महिलाओं की वार्षिक आमदनी लाख रुपए से अधिक करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी का आभार माना है।

**आजीविका मिशन से जुड़कर समूह का संचालन करने वाली श्रीमतीवर्षा की कहानी :** आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूह से जुड़कर आज लखपति दीदी की श्रेणी में आ गई हूं यह विचार हैं विदिशा जिले के ग्राम बरखेड़ा जागीर में निवास करने वाली श्रीमती वर्षा चौरसिया के... वे कहती हैं कि उन्होंने आजीविका मिशन से जुड़कर मोहन स्व सहायता समूह के नाम से अपना समूह शुरू किया था जिसका गठन वर्ष 2017 में किया गया। उनका कहना है कि स्व सहायता समूह के माध्यम से उन्होंने उनकी व्यक्तिगत व आर्थिक स्थिति को बहुत सुधारा है। समूह की संचालक श्रीमती वर्षा चौरसिया ने बताया कि उन्होंने मोहन स्व सहायता समूह शुरू कर पहली बार में ऋण लेकर वस्त्र की दुकान का संचालन शुरू किया था पहली बार में उन्हें मुनाफा नहीं हुआ तो उन्होंने दूसरी बार फिर दुकान को अग्रसर करने हेतु ऋण प्राप्त किया जिससे उनकी दुकान बेहतर चलने लगी और उन्हें मुनाफा भी प्राप्त होने लगा फिर उन्होंने तीसरी बार ऋण प्राप्त कर अपने वस्त्र की दुकान को तो अग्रसर किया ही साथ ही जनरल स्टोर का संचालन भी शुरू कर दिया। उनका कहना है कि आज उनकी प्रतिमा आमदनी 10 से 15 हजार है जो उनके परिवार के भरण-पोषण में बहुत मदद करती है। उनका कहना है कि वह आज गर्व से कह सकती हैं कि वह लखपति दीदी की श्रेणी में आ गई हैं। आजीविका मिशन से जुड़कर वह आत्मनिर्भर हो गई हैं इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद प्रेषित किया है।

दैनिक
# सद्भावना पाती
...प्राणियों में सद्भावना हो...



## इंदौर की तर्ज पर अन्य शहरों में भी चलेगा भिक्षावृति मुक्त बनाने का अभियान

**इंदौर।** इंदौर की तर्ज पर प्रदेश के अन्य शहरों को भी भिक्षावृत्ति से मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसमें समाजों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। यह बात सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कही। वे बुधवार को इंदौर में स्माइल परियोजना के तहत तैयार किए गए भिक्षुक पुनर्वास केंद्र के शुभारंभ के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विधायक रमेश मेंदोला, सामाजिक न्याय विभाग आयुक्त डा. रामाराव भोंसले, परियोजना के नोडल अधिकारी तथा स्मार्ट सिटी इंदौर के सीइओ दिव्यांक सिंह तथा परियोजना संचालक रुपाली जैन भी मौजूद थी।कुशवाहा ने कहा कि इंदौर के बारे में कहा जाता है कि यह जो ठान लेता है उसे हासिल कर लेता है। शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त करने का काम बहुत चुनौतीपूर्ण है। इंदौर में इस अभियान की प्रगति सराहनीय एवं अनुकरणीय है। इंदौर में अभियान को मिल रही सफलता को देखते हुए अब प्रदेश के अन्य शहरों में भी इस तरह का अभियान चलाया जाएगा। इंदौर के बाद अब इस अभियान की शुरुआत उज्जैन में की जाएगी। हम सभी की इच्छा है कि स्वच्छता के साथ-साथ इंदौर भिक्षावृत्ति मुक्ति में भी नंबर वन बने। हम यह विश्वास दिलाते हैं कि इस अभियान में धनराशि की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर विधायक मेंदोला ने कहा कि समाज कल्याण परिसर को समाज की सहभागिता से पीडितों की सेवा के लिए सुविधाजनक बनाया गया है। कार्यक्रम को सामाजिक न्याय विभाग आयुक्त डा. भोंसले, परियोजना के नोडल अधिकारी दिव्यांक सिंह ने भी संबोधित किया।

## छात्रा से रुपये वसूलने वाले छात्र पर एफआइआर

**इंदौर।** भंवरकुआं पुलिस ने एक छात्रा की शिकायत पर उसके साथ पढ़ने वाले छात्र के विरुद्ध केस दर्ज किया है। आरोपित छात्र ने छात्रा से शारीरिक संबंध बना लिए और ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। उसने छात्रा से रुपये भी वसूले है। पुलिस ने आरोपित छात्र पर ब्लैकमेलिंग, रेप के साथ अप्राकृतिक कृत्य की धाराओं में केस दर्ज किया है।टीआइ राजकुमार यादव के मुताबिक, आरोपित अमान पुत्र अनवर खान निवासी अशोका कॉलोनी माणिकबाग कालोनी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि अमान वर्ष 2020 में कोचिंग क्लास में उसके साथ पढ़ता था। इस दौरान दोनों की दोस्ती हुई थी। आरोपित ने छात्रा से शादी का वादा किया और जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बना लिए। आरोपित ने इस दौरान धोखे में रख कर छात्रा के आपत्तिजनक वीडियो और फोटो भी खींच लिए। छात्रा ने उससे दूर जाने की कोशिश की तो आरोपित ने फोटो और वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। टीआइ के मुताबिक, अमान से परेशान होकर छात्रा ने 80 हजार रुपये दे दिए थे।उसके लगातार प्रताड़ित करने पर छात्रा बुधवार को थाने पहुंची और एफआइआर दर्ज करवाई। साइबर फ्राडः जालसाजों ने कस्टम अफसर बनकर लाखों वसूले साइबर ठगी का मामला सामने आया है। अपराधियों ने खुद को पुलिस और कस्टम अफसर बता कर रुपये वसूले है। मामले की राज्य साइबर सेल पुलिस को शिकायत की गई है। फरियादी प्रतिक शेयर कारोबारी है। पुलिस को शक है ठगी एआइ तकनिक से हुई है। आरोपित ने फरियादी को काल कर कहा कि उसका एक पार्सल कस्टम विभाग ने पकड़ा है। उसमें ड्रग्स है। तुम्हारा संपर्क तस्करों से है। आरोपित ने स्काइप पर वीडियो काल लगाया और कहा कि उन्हें आनलाइन पूछताछ करना है। काल पर सीबीआइ और पुलिस अफसर बैठे नजर आ रहे थे। पुलिस अफसरों की तरह सवाल किए गए। आरोपितों ने कहा दाऊद गैंग से संबंध है और तुम मनी लांड्रिंग करते हो। उन्होंने सात लाख भी जमा करवा लिए।

## 19 हजार कनेक्शन वैध हुए

**इन्दौर।** अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने के अभियान की समयसीमा कल समाप्त हो गई थी, लेकिन निगमायुक्त ने आदेश जारी कर इसे 15 दिन और बढ़ाया है, ताकि बाकी रहे झोनों में यह कार्रवाई पूरी हो सकी। एक माह की अवधि में निगम ने ऐसे 19 हजार अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने की कार्रवाई की है। नगर निगम द्वारा जलूद से नर्मदा का 450 एमएलडी पानी लाया जाता है और इस पर प्रतिमाह करोड़ों की राशि खर्च होती है, लेकिन वहीं जल कर से निगम को बहुत कम आय होती है, जिसके कारण कई दिक्कतें आ रही हैं।बड़े पैमाने पर शहर में कई लोगों द्वारा मेनलाइनों से नर्मदा के अवैध कनेक्शन ले लिए गए थे और उनका भुगतान भी निगम को नहीं किया जा रहा था। इसी के चलते निगम द्वारा सभी झोनलों के अंतर्गत यह अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। अधिकारियों के मुताबिक पिछले एक माह से जारी अभियान के चलते 19 हजार अवैध नल कनेक्शन वैध किए गए और इससे निगम को 6 करोड़ की आय हुई है। कल यह समयावधि समाप्त हो गई थी, लेकिन शाम को निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने एक आदेश जारी कर 15 दिनों के लिए इस अभियान की अवधि और बढ़ा दी है। अब राजस्व विभाग की टीमों को निर्देश दिए हैं कि वे बचे हुए स्थानों पर कड़ाई से अभियान चलाए और अवैध नल कनेक्शन वैध करने की प्रक्रिया पूरी करें और इस दौरान अगर रहवासी या संबंधित लोगों द्वारा निगम टीमों के साथ विवाद किए जाए तो उनके खिलाफ संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज कराई जाए। कल ऐसे ही मामलों में कई थानों में निगम राजस्व विभाग की ओर से मुकदमे भी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिए गए थे। कल कई जगह टीमों के साथ अवैध नल कनेक्शनों को लेकर विवाद की स्थितियां बनी थीं।

## 30वां सरताज विशेष जूनियर बैडमिंटन शिविर 11 मार्च से

**इंदौर।** सरताज अकादमी द्वारा 11 मार्च से 30वां सरताज विशेष जूनियर बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर नारायण बाग बाल विकास केंद्र बैडमिंटन हाल में आयोजित किया गया है। सरताज अकादमी प्रबंध निदेशक और प्रशिक्षक धर्मेश यशलहा ने बताया कि शिविर में 6 से 18 साल आयु तक के बालक और बालिका हिस्सा ले सकते हैं। एक माह के शिविर के आधार पर सालभर नियमित अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। शिविर में प्रतिदिन प्रेक्षा ध्यान और योग भी कराया जाएगा। शिविर में प्रवेश के लिए प्रशिक्षक धर्मेश यशलहा से शाम 6 से 8 बजे तक नारायण बाग बाल विकास केंद्र बैडमिंटन हाल में सम्पर्क किया जा सकता है।

## राष्टीय लोक अदालत 9 मार्च को

**इंदौर।** शनिवार 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित हो रही हैं। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा भी इसकी तैयारी की जा रही हैं। मालवा और निमाड़ में 44 स्थानों (कोर्ट) पर आयोजित होने वाली लोक अदालत में हजारों प्रकरणों के समाधान के लिए रखे जाएंगे। बिजली कंपनी की ओर से लोक अदालत की सूचना संबंधितों को दी जा रही हैं। लोक अदालत में शासन के निर्देशानुसार 50 हजार रुपए तक के सिविल दायित्व की राशि पर छूट प्रदान की जाएगी। इंदौर जिले के 62 जोन वितरण केंद्र समेत मालवा निमाड़ के 425 जोन, वितरण सेंटर, कार्यालयों के माध्यम से लोक अदालत की सफलता के लिए प्रभावी तैयारी की जा रही है। लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों का समझौता होगा। प्री लिटिगेशन के निम्नदाब श्रेणी के पात्र घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट मिलेगी। प्री-लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व, अपराध शमन राशि एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। लोक अदालत के दौरान छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग पहली बार किए जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। यदि आवेदक के अन्य कोई कनेक्शन भी है, तो वहां की राशि पूर्ण जमा होना आवश्यक है।

# आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर महिला डब्ल्यू-35 टेनिस टूर्नामेंट : विजेता खिलाड़ी को मिलेगी 3935 डॉलर की इनामी राशि इंदौर में पहली बार होगा आयोजित

**इंदौर।** भारतीय टेनिस महासंघ के तत्वावधान में मध्यप्रदेश टेनिस संघ व इंदौर टेनिस क्लब द्वारा प्रायोजित आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर डब्ल्यू-35 डालर 25000 इनामी राषि महिला टेनिस टूर्नामेंट 10 मार्च से इंदौर टेनिस क्लब में खेला जाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट की विजेता खिलाड़ी को 3935 डॉलर (लगभग तीन लाख 30 हजार रु.) की राशि और 35 आईटीएफ अंक मिलेंगे।

भारतीय टेनिस महासंघ के महासचिव अनिल धूपर ने बताया कि यह टूर्नामेंट इंदौर में पहली बार आयोजित होगा। इंदौर में लगातार अंतरराष्टीय टेनिस टूर्नामेंट आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में एक और भव्य टेनिस टूर्नामेंट इंदौर में 11 मार्च से 17 मार्च तक खेला जाएगा। इसके क्वालीफाइंग राउंड के मुकाबले 10 व 11 मार्च को खेले जाएंगे। इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में विदेशों के साथ देश की भी टॉप महिला खिलाड़ी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी। इस टूर्नामेंट में कुल इनामी राशि 25 हजार डालर वितरीत की जाएगी। जिसमें एकल विजेता खिलाड़ी को 3935 डॉलर (लगभग 3 लाख 30 हजार रुपए) की राशि मिलेगी। वहीं उपविजेता रहने वाली खिलाड़ी को 2107 डॉलर, सेमीफाइनल खेलने वाली खिलाड़ी को 1162 डॉलर की राशि मिलेगी। वहीं युगल विजेता जोड़ी को 1437 डॉलर (लगभग एक लाख 20 हजार रु.) का राशि मिलेगी। उपविजेता जोड़ी को 719 डालर व सेमीफाइनल खेलने वाली जोड़ियों को 359 डॉलर की इनामी राशि दी जाएगी।

साथ ही एकल विजेता खिलाड़ी को 35 आईटीएफ अंक हासिल होंगे, जो उनकी रैंकिंग को बढ़ाने में बहौत मददगार साबित होंगे। उपविजेता खिलाड़ी को 23, सेमीफाइनलिस्ट को 14, क्वार्टर खेलने वाली खिलाड़ी को 8 तथा प्री-क्वार्टर फाइनल खेलने वाली को 4 आईटीएफ अंक मिलेंगे।

इसी तरह युगल विजेता खिलाड़ी को भी विजेता को 35, उपविजेता को 23, सेमीफाइनलिस्ट को 14, क्वार्टरफाइनलिस्ट को 8, प्री-क्वाटरफाइनलिस्ट को 4 अंक मिलेंगे।

इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा लूथिनिया, लातवीया, जापान, उज्बेगिस्तान, स्लोवाकिया, रोमानिया, चाईनिज ताईपे, स्लोवेनिया, थाईलैंड, कोरिया, रूस, नेपाल, फ्रांस, अमेरिका, स्वीडन की महिला खिलाड़ी इंदौरी जमीं पर अपना जौहर दिखाएंगी।

टूर्नामेंट डायरेक्टर श्री अर्जुन धूपर ने बताया कि इंदौर में यह महिलाओं के लिए इस वर्ष में दूसरा बड़ा टूर्नामेन्ट का आयोजन होने जा रहा है। इससे पहले महिलाओं का 40 हजार डालर इनामी राशि वाला टूर्नामेंट खेला गया था इस टूर्नामेंट की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

# 10 हजार गरीब और जरूरतमंदों को मिला 'अपना घर'

**इंदौर ।** इंदौर शहर का डंका स्वच्छता के अलावा अन्य कई मामलों में देश ही नहीं विदेश में बज रहा है। पहले शहर में जो परिवार झुग्गी बस्तियों में लोग बुरे हाल में रहने को मजबूर रहते थे, अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकानों में बेहतर परिवेश में जीवन-यापन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पांच साल में 11500 आवासीय इकाइयां तैयार की गई हैं। 6900 इकाइयों में कमजोर आय वर्ग के लोग रह रहे हैं, वहीं 3000 में कम व मध्यम आय वर्ग के लोग रह रहे हैं। पांच साल में इस योजना पर करीब 1200 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना की इकाइयों को पूर्ण करने में इंदौर का परफारमेंस देश के अन्य शहरों के मुकाबले कमतर है। जानकारों के मुताबिक इंदौर शहर में इस योजना के तहत केंद्र से दो लाख रुपये की आर्थिक छूट मिलने की सुविधा भी लोगों को नहीं मिल रही है। यही वजह है कि इस योजना में देश के अन्य शहरों से इंदौर को कड़ी प्रतिस्पर्धा मिल रही है। इंदौर में फिलहाल इस योजना के तहत सात हजार आवासीय इकाइयों निर्माणाधीन हैं। लाइट हाउस प्रोजेक्ट से मिली ख्याति

इंदौर में जनवरी 2021 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाइट हाउस प्रोजेक्ट की नींव रखी गई थी। कोविड के कारण इस प्रोजेक्ट की रफ्तार धीमी रही, लेकिन इंदौर नगर निगम द्वारा करीब तीन साल के अंतराल में इस महत्वाकांशी हाउसिंग प्रोजेक्ट को तैयार किया गया। सैंडविच पैनल तकनीक पर बने ऊष्मारोधी व गुणवत्तापूर्ण 1024 यूनिट तैयार हो गई है। फिलहाल इनमें 635 लोगों को आवासीय इकाइयों का पजेशन दिया है।

प्रधानमंत्री आवासीय योजना के इन प्रोजेक्ट की धीमी रफ्तार

- इंदौर के बुढानिया क्षेत्र में सतपुड़ा परिसर में वर्ष 2017 ढाई हजार आवासीय इकाइयां तैयार करने का प्रोजेक्ट अब भी अधूरा है। इसे वर्ष 2023 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। ठेकेदार वित्तीय मुश्किलों व लापरवाही के कारण अभी तक इस प्रोजेक्ट को पूरा नहीं कर सका। अब भी करीब इस प्रोजेक्ट का 25 फीसद काम बाकी है। - आरआरकैट व ट्रेजर फेंटेसी के पीछे सिन्नोरा रंगवासा पंचायत में 4500 आवासीय इकाइयों के निर्माण का प्रोजेक्ट दिसंबर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। प्रोजेक्ट निर्माण के लिए पजेशन देने में हुई देरी और इस क्षेत्र में मौजूद खदानों को हटाने में देरी के कारण यह प्रोजेक्ट देरी से शुरू हो सका। यह प्रोजेक्ट भी छह माह पीछे चल रहा है।

अब निगम द्वारा जून 2024 में इस पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

इन बस्तियों को हटाने की है योजनाइंदौर में कुलकर्णी भट्टा, सीपी शेखर नगर जैसी बस्तियों में रहने वालों को प्रधानमंत्री आवासीय योजना के फ्लैट उपलब्ध करवाए गए। आरई-2 प्रोजेक्ट में बाधक सात में चार बस्तियों के लोगों को प्रधानमंत्री आवासी योजना के आवासों में शिफ्ट किया जा चुका है। शिवदर्शन नगर, शिव नगर व कांकड़ के परिवारों को भी शिफ्ट करने की योजना है। इसके अलावा सुदामा नगर से अन्नपूर्णा नगर के बीच बनने वाली रोड पर बसे 300 परिवारों को भी इस योजना के तहत बनी आवासीय इकाइयों में शिफ्ट किया जाना है।

# इंदौर-उज्जैन हाईवे को सिक्स लेन करने हेतु टेंडर आमंत्रित

**इंदौर।** इंदौर-उज्जैन के बीच फोरलेन को सिक्स लेन में बदलने के लिए मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआरडीसी) ने टेंडर बुलाए हैं। 46.47 किलोमीटर के इस स्टेट हाईवे का निर्माण जो कंपनी करेगी, उसे दो साल में सिक्स लेन हाईवे बनाकर तैयार करना होगा।

इस निर्माण की लागत 735.36 करोड़ रुपए अनुमानित है। उज्जैन हाईवे चौड़ा होने का फायदा राजस्थान आने-जाने वाले लोगों के अलावा खासतौर पर सिंहस्थ के दौरान मिलेगा। सिंहस्थ में आने वाले कई लोग इंदौर होकर गुजरते हैं। महाकाल के अलावा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग जाने वाले लोगों को भी इंदौर होकर ही आना-जाना पड़ता है। यही वजह है कि इंदौर-उज्जैन हाईवे पर वाहनों का दबाव कई गुना बढ़ जाता है और सिंहस्थ के दौरान बार-बार ट्रैफिक जाम की स्थिति पैदा होती है।

मुख्यमंत्री इस हाईवे को सर्वोच्च प्राथमिकता से चौड़ा करवाना चाहते हैं। इसका निर्माण इंदौर के अरबिंदो अस्पताल से उज्जैन के हरिफाटक तक किया जाना है। सिक्स लेन बनने से दोनों शहरों का सफर एक घंटे से भी कम समय में पूरा हो सकेगा। अभी प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण होना बाकी है। 15 अप्रैल तक कांट्रेक्टर कंपनियां टेंडर के लिए फार्म भर सकती है।

## अब तीसरे दौर में 34 और अवैध कालोनियां होंगी वैध

### कालोनी सेल ने कई अवैध कालोनियों को वैध करने के लिए जारी की जाहिर सूचना

इंदौर। नगर निगम कॉलोनी सेल द्वारा पूर्व में दो अलग-अलग चरणों में सवा सौ से ज्यादा अवैध कालोनियों को वैध किया गया था और अब तीसरे दौर में 34 और अवैध कालोनियों को वैध किए जाने के लिए दावे-आपत्ति बुलाए गए हैं।

इन कॉलोनियों को वैध करने की तैयारी

राज्य शासन के निर्देश के बाद नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बनी अवैध कालोनियों का सर्वे किया गया था और सर्वे के दौरान अवैध कालोनियों को लेकर तमाम जानकारियां एकत्रित की गई थीं। अब यही प्रक्रिया के तहत 34 और अवैध कालोनियों को वैध करने के लिए निगम द्वारा आज जाहिर सूचना प्रकाशित कर दावे-आपत्ति बुलवाए गए हैं। निगम अधिकारियों के मुताबिक कालोनियों को वैध करने के लिए लेआउट प्लान से लेकर कई तैयारियां की जा रही हैं और आने वाले कुछ माह में यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इनमें कई कालोनियां 29 गांवों के अंतर्गत शहरी सीमा में शामिल हुए क्षेत्रों की भी है। वहां भी अब आने वाले दिनों में निगम द्वारा तमाम विकास कार्य कराए जाएंगे।

निगम अफसरों के मुताबिक ग्राम छोटा बांगडदा की कालोनी साकेत धाम, ग्राम लिम्बोदी की कालोनी श्रीकृष्ण विहार, ग्राम हुकमाखेड़ी की अवैध कालोनी दुर्गानगर और न्यू दुर्गा नगर, पालदा की पुष्पदीप नगर, सिरपुर की द्वारकापुरी, मूसाखेड़ी का अमन नगर और इदरीस नगर, साहिन नगर एक्सटेंशन, ग्राम छोटी खजरानी के अंसार नगर, ग्राम बिचौलीहप्सी की कल्पतरू कालोनी, लिम्बोदी की गुरुकुल फार्म कालोनी, निपानिया की लैण्डलार्ड स्टेट कालोनी, बिचौली की प्रणाम इस्टेट कालोनी, रायल सिटी कालोनी, सोहम पार्क कालोनी, प्रगति एवेन्यू कालोनी। लसूड़ियामोरी की प्रिंसेस इस्टेट कालोनी, पुष्प वाटिका कालोनी, मूसाखेड़ी की अक्षरधाम कालोनी आदि शामिल हैं।

# इंदौर से नौ शहरों के लिए शुरू होंगी ईवी बसें

इंदौर। अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड(एआइसीटीएसएल) में बुधवार को बोर्ड बैठक हुई, जिसमें कई प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। शहर में 600 सिटी बस स्टाप बनाए जाएंगे। खरगोन, भोपाल सहित नौ शहरों के लिए ईवी एसी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। शहर में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत भविष्य में 150 मिडी ईवी बसों का संचालन भी होगा। बैठक के बाद तीन नई सेवा भी शुरू की गई। इनमें अटल रेडियो सेवा, बीआरटीएस पर महिला यात्रियों के लिए पिंक ईवी आइ-बस और ईवी आइ-बस का संचालन शुरू किया गया। बैठक में मुख्य रूप से एआइसीटीएसएल बोर्ड उपाध्यक्ष व संभागायुक्त मालसिंह भयड़िया, निदेशक व कलेक्टर आशीष सिंह, प्रबंध निदेशक व निगमायुक्त हर्षिका सिंह, सीईओ मनोज पाठक व अन्य मौजूद थे।बैठक के बाद शाम को नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्पमित्र भार्गव की मौजूदगी में ईवी पिंक आइ-बस और ईवी आइ-बसों को हरी झंडी दिखाई गई। इसके साथ अटल रेडियो सेवा शुरू की गई। इस दौरान मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि बस में सर्वे किया जाए कि किस आयु वर्ग के लोग सफर कर रहे हैं। उन्हीं के अनुसार अटल रेडियो पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाए। इस सेवा में शहर के यातायात संबंधित जानकारी भी साझा की जाना चाहिए।

महापौर भार्गव ने कहा कि लोक परिवहन शहर की लाइफ लाइन होती है। हमारा शहर टेंपो से मेट्रो की ओर बढ़ रहा है। रेडियो के माध्यम से एक बार 2.5 लाख लोगों को संदेश साझा किया जा सकेगा। प्रदेश में प्रथम बार एआइसीटीएसएल ने अपनी लोक परिवहन सेवाओं में इंटरनेट रेडियो की शुरुआत की गई है। रेडियो का प्रसारण एआइसीटीएसएल कार्यालय से किया जाएगा। यह रेडियो एआइसीटीएसएल की बस, बस स्टाप और मोबाइल एप के माध्यम से सुना जा सकेगा। यह रेडियो इंटरनेट आफ थिंग्स के जरिये ब्राडकास्ट होगा। इसमें शिक्षा, सूचना और मनोरंजन के साथ इंदौर के कलाकारों को मंच मिलेगा। युवाओं के लिए रोजगार सूचना, करियर की सलाह और मोटिवेशन आदि पाडकास्ट प्रसारित होंगे। महिला सशक्तीकरण और सुरक्षा को लेकर आनलाइन कार्यक्रम का संचालन होगा। मेयर संवाद के जरिए जनता से जनहित के विषयों पर संवाद होगा। शासकीय योजनाओं की जानकारी की जानकारी मिलेगी।

### एक बार चार्ज होने पर 250-300 किमी का सफर तय करेगी ईवी आइ-बस

बीआरटीएस पर कुल 30 इलेक्ट्रिक प्रीमियम एसी बसों का संचालन शुरू हुआ है। इसके साथ ही इंदौर देश का पहला ग्रीन मोबिलिटी बीआरटीएस कारिडोर बन गया है। एक बार में चार्ज होने पर 250-300 किमी का सफर तय करेगी। इन बसों में कुल 35 सीट होंगी। दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर स्पेंटिंग व्यवस्था भी है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर महिलाओं के लिए ईवी पिंक आइ-बस भी शुरू की गई। जिसमें महिला चालक व परिचालक होंगी।

### बस स्टाप पर सोलर पैनल रूफ रहेगी

बैठक में यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा को देखते हुए क्लस्टर आधार पर 600 सिटी बस स्टाप बनाने निर्णय लिया गया। इन बस स्टाप पर रूट मैप, सीसीटीवी कैमरा, एलईडी स्क्रीन, स्मार्ट एडवरटाइजमेंट डिस्प्ले के साथ ही सोलर पैनल रूफ भी होगी। बीआरटीएस बस संचालन में क्यूआरई टिकटिंग और सिटी बस मासिक पास क्यूआर द्वारा भुगतान करने के लिए सीएसआर के आधार पर एजेंसी का तय करने का प्रस्ताव पास किया गया। इसके जल्द ही टेंडर जारी होंगे।

### 200 बसों क्रय करने में असहमति जताई

अमृत योजना के तहत एआइसीटीएसएल द्वारा इंटरसिटी मार्ग पर पहले फेस में 260 सामान्य बसों की स्वीकृति हुई थी, लेकिन आपरेटर द्वारा 250 बसों का संचालन ही किया गया, वहीं 10 बसें क्रय करने में असहमति जता दी थी। इसी तरह दूसरे फेस में 380 बसों का संचालन किया जाना था, लेकिन आपरेटर ने 180 बसों का ही संचालन किया। 200 बसों को क्रय करने में असहमति जताई।

इसके बाद एआइसीटीएसएल द्वारा गत वर्ष सितंबर में आयोजित बैठक में इन 210 बसों की जगह नगरीय प्रशासन व विकास विभाग द्वारा ईवी बसों के संचालन की स्वीकृति दी गई थी। इसके बाद एआइसीटीएसएल ने ग्रीन मोबिलिटी के तहत नो मार्ग पर 12 मीटर लंबी एसी इलेक्ट्रिक बसों के संचालन का प्रस्ताव तैयार किया। प्रति बस की कीमत एक करोड़ 50 लाख रुपये हैं। अमृत योजना के तहत इन बसों के लिए 40 फीसद वीजीएफ सहायता राशि स्वीकृत के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। यह सभी बसें इंटरसिटी मार्ग पर चलेगी। इसका टेंडर अब जारी किया जा रहा है। एआइसीटीएसएल की पीआरओ माला ठाकुर ने बताया कि जल्द ही इंटरसिटी मार्ग के लिए ईवी बसों के टेंडर जारी किए जाएंगे।

# विवाह के लिए दोनों पक्षकारों को हिंदू होना जरूरी

इंदौर । हिंदू धर्म में विवाह एक महत्वपूर्ण संस्कार है। इसे पूरा करने के लिए प्राचीन विधि में कुछ शर्तें अधिरोपित की गई थीं। वर्तमान हिंदू विवाह अधिनियम 1955 आधुनिक हिंदू विधि है। इसे प्राचीन शास्त्रीय विधि तथा आधुनिक परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। इसके अंतर्गत हिंदू विवाह के लिए कुछ महत्वपूर्ण शर्तें जोड़ी गई हैं। हिंदू विवाह के अधीन इन शर्तों की पूर्ति किया जाना अति आवश्यक है। अधिनियम की धारा पांच में हिंदू विवाह के लिए शर्तों का उल्लेख किया गया है। धारा सात में हिंदू विवाह के संस्कार बताए गए हैं। इसी तरह धारा आठ में हिंदू विवाह के रजिस्ट्रीकरण के संबंध में उपबंध दिए गए हैं।एडवोकेट घनश्याम गुप्ता ने बताया कि अधिनियम के अंतर्गत धारा पांच में उल्लिखित शर्तों का उल्लंघन होने पर किसी विवाह को शून्य और शून्यकरणीय घोषित किया जाता है। इन वर्णित शर्तों का पालन नहीं करने पर होने वाले परिणाम का उल्लेख अधिनियम की धारा 11, 12, 17 और 18 में किया गया है। धारा पांच के तहत हिंदू विवाह के संपन्न किए जाने के लिए जो शर्तें दी गई हैं, वे निम्नानुसार हैं- पक्षकारों का हिंदू होना = हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के अधीन सबसे पहली शर्त दोनों पक्षकारों का हिंदू होना जरूरी है। कोई भी विवाह हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के अधीन तब ही संपन्न माना जाएगा, जब दोनों पक्षकार हिंदू होंगे। एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जब विवाह के दोनों पक्षकार हिंदू हों तो ही हिंदू विवाह अधिनियम के अंतर्गत कोई हिंदू विवाह संपन्न माना जाएगा। यदि विवाह का कोई एक पक्षकार हिंदू है तथा दूसरा पक्षकार गैर-हिंदू है, तो विवाह इस अधिनियम की परिधि के बाहर माना जाएगा। इस तरह का विवाह हिंदू विवाह नहीं कहलाएगा। न्यायालय का यह भी कहना है कि हिंदू विवाह किसी जातिगत व्यवस्था की अनिवार्यता का समर्थन नहीं करता है।

धारा पांच के अंतर्गत यह महत्वपूर्ण शर्त भी अधिरोपित की गई है कि हिंदू विवाह तभी संपन्न होगा जब विवाह के समय दोनों पक्षकारों में से न तो वर की कोई पत्नी जीवित होगी और न ही वधू का कोई पति जीवित होगा। प्राचीन शास्त्रीय हिंदू विवाह बहुपत्नी को मान्यता देता था, परंतु आधुनिक हिंदू विवाह अधिनियम 1955 बहुपत्नी का उन्मूलन करता है। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में कहा है कि दांपत्य युगल शब्द से आशय पूर्व दांपत्य युगल से नहीं है। अगर वर या वधू की पत्नी या पति जीवित नहीं है तो उन्हें पुनर्विवाह करने से वर्जित नहीं किया जा सकता है।

एक कुंवारा व्यक्ति जिसने विवाह के समय तक विवाह न किया हो, एक विधवा या विधुर या विवाह विच्छेद के उपरांत ऐसा व्यक्ति विवाह विधिक रूप से कर सकता है। हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा पांच के तहत ही एक पत्नी सिद्धांत का पालन किया गया है।

# अब तक शुरू नहीं हुआ दिव्यांगों के लिए आनलाइन सिस्टम

इंदौर। इंदौर रेलवे स्टेशन पर दिव्यांगों के लिए अब तक आनलाइन सिस्टम शुरू नहीं हुआ है, जबकि इस तरह की व्यवस्था पश्चिम रेलवे के मुंबई, अहमदाबाद में चल रही है। इस मामले में जेडआरयूसीसी मेंबर ने पश्चिम रेलवे जीएम को पत्र लिखकर शिकायत की है।जेडआरयूसीसी सदस्य संजय बाकलीवाल ने बताया कि मुंबई और अहमदाबाद में दिव्यांगों के लिए आनलाइन सिस्टम शुरू किया गया है। इसके लिए पश्चिम रेलवे द्वारा एक साफ्टवेयर भी तैयार करवाया गया है। हालांकि यह सिस्टम इंदौर और रतलाम जैसे शहरों में अभी शुरू नहीं किया है। इससे इन दोनों शहरों के दिव्यांग इससे वंचित है। उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इंदौर शहर के साथ गांवों के दिव्यांगों को भी मिलेगी सुविधा

बाकलीवाल ने बताया कि पश्चिम रेलवे के जीएम को पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि इंदौर और रतलाम शहर में भी दिव्यांगों के लिए आनलाइन सिस्टम शुरू किया जाए, जिससे न केवल इन दोनों शहरों और आसपास के शहर और गांव के लोगों को भी इसकी सुविधा मिल सकेगी। साथ ही उन्हें परेशानी से भी मुक्ति मिलेगी। जीएम को यह भी बताया गया है कि रतलाम मंडल न केवल पश्चिम रेलवे का एक बड़ा रेल मंडल है, वहीं इंदौर शहर मध्य प्रदेश का महानगर बनता शहर है। साथ ही रेलवे को भी बड़ी मात्रा में राजस्व देने वाला शहर है। ऐसे काम करता है साफ्टवेयर अभी तक दिव्यांगों को पास बनवाने के लिए रतलाम मंडल में रतलाम और इंदौर कार्यालय आना पड़ता है। जहां पर कई तरह की कागजी कार्यवाही करनी होती है। इस साफ्टवेयर में इंदौर और रतलाम जुड़ने से रतलाम मंडल के सभी दिव्यांगों घर बैठे की आनलाइन पास बनवा सकेंगे।

## इंदौर के महापौर सुपरस्टार -एरिक गार्सेटी (अमेरिका के राजदूत)

इंदौर। इंदौर प्रवास पर पधारे अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव से मुलाक़ात की। उन्होंने ई-पिंक बस का अवलोकन किया तथा पिंक बस की महिला कर्मचारियों से संवाद भी किया। उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के साथ महिला सशक्तिकरण के लिए काम करने वाले इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव को सुपरस्टार बताया। इस अवसर पर श्री गार्सेटी से इंदौर द्वारा स्वच्छता, वायु गुणवत्ता सुधार हेतु किये जा रहे प्रयासों पर सार्थक चर्चा की।

# संपादकीय

## सवालों के घेरे में एसबीआई का समय बढ़ाने की मांग

चुनावी चंदे का विवरण देने को लेकर भारतीय स्टेट बैंक की समय बढ़ाने संबंधी फरियाद पर स्वाभाविक ही सवाल उठने शुरू हो गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने आज तक का समय दिया था कि वह सारा विवरण निर्वाचन आयोग को सौंप दे। उस विवरण को एक हफ्ते के भीतर निर्वाचन आयोग को सार्वजनिक करना था।

मगर अब स्टेट बैंक का कहना है कि बांड के रूप में जो भी चुनावी चंदा दिया और लिया गया था, उसका हिसाब-किताब दो जगहों पर जमा है और उनका मिलान करने में वक्त लग जाएगा, इसलिए उसे तीस जून तक का समय दिया जाए। उसकी यह दलील किसी के गले इसलिए नहीं उतर रही कि आज जब बैंकों का सारा कामकाज डिजिटलीकृत हो चुका है और किसी भी खाते के लेन-देन का विवरण एक बटन दबाते ही निकल आता है, तब स्टेट बैंक को कुल बाईस हजार दो सौ सत्रह बांडों का हिसाब-किताब निकालने में इतना वक्त क्यों लगना चाहिए।स्टेट बैंक कोई छोटा-मोटा बैंक नहीं है। देश के छोटे से छोटे हिस्से, यहां तक कि दूसरे देशों में भी उसकी शाखाएं हैं, उसके लाखों ग्राहक हैं। इतने बड़े कारोबार को देखने के लिए हजारों कर्मचारी हैं, जो रोज लाखों लेन-देन का हिसाब-किताब रखते हैं। उसके पास अत्याधुनिक साफ्टवेयर हैं। फिर भी हैरानी की बात है कि उसे बाईस हजार बांडों का हिसाब जुटाने के लिए इतना वक्त चाहिए।बांड के जरिए गुप्त तरीके से चुनावी चंदा लेने की प्रक्रिया को सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले महीने असंवैधानिक करार दिया था। उसने बीते करीब पांच वर्षों में इस तरह हुई चंदे की लेन-देन का विवरण सार्वजनिक करने का आदेश दिया था,




ताकि लोगों को पता चल सके कि किस राजनीतिक दल ने किन-किन लोगों और कंपनियों के कितना चंदा लिया।दरअसल, आरोप था कि कई घाटे में चल रही कंपनियों ने भी राजनीतिक दलों को करोड़ों रुपए का चंदा दिया है। इसमें रिश्वत, कालेधन को सफेद करने और फर्जी नाम से चल रही विदेशी कंपनियों के जरिए धनशोधन का मामला भी बन सकता है। चूंकि चंदा उगाही की इस पूरी प्रक्रिया को सूचनाधिकार के दायरे से बाहर रखा गया था, इसलिए इसके बारे में सही जानकारी नहीं मिल पा रही थी। इसीलिए सर्वोच्च न्यायालय ने इसे राजनीतिक दलों के बराबरी के हक का उल्लंघन और असंवैधानिक करा दिया था।कुछ लोगों के इस तर्क को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि स्टेट बैंक इसलिए जून तक का समय मांग रहा है कि तब तक लोकसभा के चुनाव संपन्न हो चुके होंगे और चुनावी चंदे में आए नामों को लेकर राजनीतिक विवाद पैदा होने से बचा जा सकेगा। चूंकि पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक चुनावी चंदा सत्ताधारी दल को मिला है, इसलिए विपक्षी दलों को इस पर अंगुली उठाने का मौका मिल गया है। सर्वोच्च न्यायालय स्टेट बैंक की फरियाद पर क्या रुख अख्तियार करता है, देखने की बात है। मगर जिस तरह उसने इस पूरी प्रक्रिया को असंवैधानिक करार दिया, उससे उम्मीद बनती है कि इस पर वह कड़ा रुख अपना सकता है। स्टेट बैंक की इस दलील को मान भी लिया जाए कि चुनावी बांड के ब्योरे का एक हिस्सा हाथ से दर्ज किया गया है, तब भी अगर मंशा सही हो, जिम्मेदारी से बचने का मामला नहीं हो और सिर्फ कुछ कर्मचारियों को इसी काम में लगा दिया जाए तो सारा विवरण सामने आने में वक्त नहीं लगेगा।

## सोशल मीडिया से...



टीएमसी के शासन के तहत, इस भूमि की महिलाओं पर अत्याचार किया गया है। संदेशखाली में जो कुछ भी हुआ है उससे देश शर्मसार हुआ है। लेकिन टीएमसी सरकार को आपके मुद्दों की परवाह नहीं है। टीएमसी बंगाल की जनता के आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है।

**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

यूपी में हमारे पास 7 मेडिकल कॉलेज थे। आज 45 मेडिकल कॉलेज यूपी में बन चुके हैं, 14 जो बचे हैं उन पर काम चल रहा है। उनको विकसित किया गया। ये मेरा है, ये तेरा है। यह सभ्य समाज को कलंकित करता है। पीएम मोदी ने पहले ही नारा दिया है सबका साथ सबका विकास। फिर इस तरीके के बयान सभ्य समाज को कलंकित करते हैं।

**योगी आदित्यनाथ,** सीएम उप्र





भारतीय नौसेना ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी देश अपनी जबरदस्त आर्थिक और सैन्य शक्ति के बल पर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत के मित्र देशों को दबा नहीं सके। नौसेना की तत्परता के कारण भारत अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है और हिंद महासागर में सहयोगी देशों को पूरी मदद कर रहा है।

**राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी की गारंटियां और कुछ नहीं, हवा भरे गुब्बारे हैं, जिन्हें चुनाव से पहले हवा में उड़ाया जा रहा है। जैसे ही वोटिंग पूरी हो जाएगी, ये गुब्बारे फुस्स हो जाएंगे। याद रखिएगा, जब ममता सरकार गारंटी देती है, तो उसे पूरा करने के लिए सब कुछ करती है।

**ममता बनर्जी,** सीएम प. बंगाल



दैनिक सद्भावना पाती
प्राणियों में सद्भावना हो
विज्ञापन की दर (B&W)
1 माह - 10,000/- | 15 दिन - 6,500/- | 7 दिन - 4,000/-
विज्ञापन साईज- चौड़ाई 6 सेमी. X लंबाई 8 सेमी.
क्लासिफाइड में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7697173333 - 9685611304
नोट:- शोक संदेश
सभी के दुख: की घड़ी में हमारी सद्भावना आपके साथ है.. शोक संदेश निशुल्क प्रकाशित किये जाते हैं।
business.spnews@gmail.com

## चुनावी मुद्दा बन रहा परिवार प्रथम या राष्ट्र प्रथम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने हाथ लगे परिवार के मुद्दे को छोड़ने के मूड में नहीं हैं। इस मुद्दे को वह चुनाव का बेहतरीन मुद्दा मान रहे हैं, इसलिए पिछले तीन दिन से उन्होंने तमिलनाडू, तेलंगाना और उड़ीसा में अपनी चुनावी रैलियों के दौरान लालू यादव की टिप्पणी को बेहतरीन ढंग से भुनाया है। वैसे तो इन तीनों ही गैर भाजपा राज्यों में मोदी की रैलियों में रिकार्ड तोड़ उत्साह देखने को मिला, लेकिन उड़ीसा की रैली में अब तक की सभी रैलियों से ज्यादा उत्साह देखने को मिला। संयोग से इन तीनों ही राज्यों में परिवारवादी पार्टियों की सरकारें हैं, लेकिन उड़ीसा में क्योंकि मोदी और भाजपा की मित्रवत पार्टी की सरकार है, इसलिए वहां मोदी ने कांग्रेस को ही निशाने पर लिया। इन तीनों ही राज्यों में मोदी ने लालू यादव के परिवार के मुद्दे को परिवारवाद और राष्ट्रवाद की तरफ मोड़ दिया है। वह अपनी रैलियों में खुल कर कह रहे हैं कि जिनके लिए परिवार फर्स्ट है, वे परिवार और भ्रष्टाचार की बात करते हैं, लेकिन जिनके लिए राष्ट्र फर्स्ट है, वे राष्ट्र की बात करते हैं।

**अजय सेतिया**

इंडी एलायंस बनने के नौ महीने बाद उसी पटना में पहली रैली हुई, जहां एलायंस की पहली बैठक हुई थी। फर्क सिर्फ इतना रहा है कि एलायंस की पहली बैठक बुलाने वाले नीतीश कुमार रैली में निशाने पर थे, क्योंकि वह एनडीए में वापस लौट चुके हैं।

रैली में इंडी एलायंस के 31 में से सिर्फ चार दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया, जिससे इंडी एलायंस की एकता का मेसेज नहीं जा सका क्योंकि एलायंस में शामिल दलों के मुख्यमंत्रियों अरविन्द केजरीवाल, ममता बनर्जी, स्टालिन, पिनयारी विजयन और चंपई सोरेन में से कोई भी शामिल नहीं हुआ, यहाँ तक कि कांग्रेस के तीन मुख्यमंत्रियों में से भी कोई नहीं पहुंचा। इसलिए रैली सिर्फ आरजेडी और कम्युनिस्ट पार्टियों का जमावड़ा बन कर रह गई, जिसमें कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, सीपीएम के सीताराम येचुरी और सीपीआई के डी. राजा शामिल हुए।

लालू यादव बड़ी बड़ी रैलियाँ करने के लिए मशहूर रहे हैं, लेकिन तेजस्वी यादव की यह रैली उन रैलियों के मुकाबले की नहीं थी। भाषण तो सबके हुए, लेकिन अपने पुराने स्टाईल से भाषण देकर सारी वाहवाही लालू यादव ने लूट ली, जब उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत हमले करके उनके हिन्दू होने पर ही सवाल उठा दिया।

लालू यादव ने एक तो यह कहा कि जब मोदी की मां का देहांत हुआ तो उन्होंने दाढी नहीं कटवाई, और सिर नहीं मुंडवाया। दूसरा उन्होंने कहा कि उनकी मां के देहांत के बाद उनका परिवार ही नहीं है। पता नहीं इन दोनों ही बातों का राजनीति से क्या संबंध है। न उनकी इस बात का चुनाव पर कोई असर होगा, क्योंकि जातिवाद की राजनीति करके हिन्दुओं को अगड़ों पिछड़ों में विभाजित करने वाले लालू यादव के कहने पर हिन्दू प्रभावित नहीं होने वाले। लालू यादव खुद कितने समर्पित हिन्दू हैं, यह भी सब जानते हैं। उन्हीं की पार्टी के शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर जब आए दिन रामचरित मानस पर सवाल उठा रहे थे, तो वह चुप्पी साध कर बैठे थे।

इसके अलावा लालू यादव ने मोदी का परिवार नहीं होने की बात कह कर सेल्फ गोल कर लिया, क्योंकि नरेंद्र मोदी तो पिछले एक दशक से परिवारवाद की राजनीति पर ही हमला बोल रहे हैं। वह तो शुरू से ही कहते रहे हैं कि उन्हें कोई मोह नहीं है, वह तो झोला उठाएंगे और चले जाएंगे। यह एक आम धारणा है कि नरेंद्र मोदी के आगे पीछे कोई नहीं है, जिसके लिए वह भ्रष्टाचार करके अपनी तिजोरियां भरें। मोदी ने तेलंगाना में अपने भाषण में कहा भी कि जिसका परिवार होता है, क्या उसे भ्रष्टाचार का लाइसेंस मिल जाता है।

लालू यादव का यह कहना कि नरेंद्र मोदी ने अपनी मां के देहांत के बाद सिर नहीं मुंडवाया, इसलिए वह हिन्दू नहीं हैं, यह बहुत ही गलत किस्म की टिप्पणी है, जिसे कोई भी हिन्दू पसंद नहीं करेगा। मुंडन को लेकर हर जगह अलग अलग परंपरा है, परिवार में किसी की मौत पर कहीं कही घर के सभी पुरुष बाल कटवाते हैं, तो कहीं कहीं परिवार का एक ही सदस्य सिर मुंडवाता है।





वैसे भी नरेंद्र मोदी सन्यास की दहलीज से वापस लौटे हैं। जब से वह सन्यास की दहलीज से वापस लौटे हैं, तबसे समाज क्षेत्र में ही लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद सारे देश वासियों को अपना परिवार मानते रहे हैं। उनकी परिवार की परिभाषा को देश लालू यादव से बेहतर जानता है। मोदी हर साल सीमा पर देश की रक्षा कर रहे जवानों के साथ दिवाली मना कर बताते हैं कि उनका परिवार कौन है।

लालू यादव की ये दोनों ही अराजनैतिक बातें क्या मोदी के प्रधानमंत्री बनने के रास्ते में कोई संवैधानिक अड़चन पैदा करती हैं। मंच पर बैठे कम्युनिस्ट और अन्य विपक्षी नेता लालू की इस बात पर खिलखिला कर हंसे, कुछ ने तालियाँ भी बजाई। जिससे स्पष्ट होता है कि इंडी एलायंस में चुनाव को लेकर कोई गंभीरता नहीं है।

याद कीजिए पिछले चुनाव में जब राहुल गांधी चौकीदार चोर का नारा लगवा रहे थे, तब सारे देश में क्या मुहिम चली थी। करोड़ो लोगों ने सोशल मीडिया पर लिखा था, मैं भी चौकीदार। ठीक उसी तरह अब सोशल मीडिया पर हर कोई मोदी को अपने परिवार का हिस्सा बता रहा है। इस मुहिम ने विपक्ष के नेताओं को नई मुश्किल में डाल दिया है। उन्हें समझ नही आ रहा कि इस मुहिम का कैसे जवाब दें। अखिलेश यादव ने सारे देश में चल रही मुहिम का मजाक उड़ाते हुए कह दिया कि ऐसा लगता है, जैसे मेले में बिछड़ा परिवार मिल गया। जयराम रमेश की प्रतिक्रिया से साफ़ जाहिर हुआ कि कांग्रेस देश में मोदी के परिवार को लेकर चली मुहिम से हताश है।

विपक्ष हर चुनाव से पहले कोई न कोई ऐसी गलती करता है कि चुनाव उसके हाथ से निकल जाता है। पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनावों के दौरान जब कांग्रेस मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान जीतती दिखाई दे रही थी, तब राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी को पनौती कह दिया था। क्योंकि भारतीय टीम क्रिकेट का फाईनल मैच हार गई थी, और मोदी मैच देख रहे थे, इसलिए राहुल गांधी ने चुनावी रैली में मोदी को पनौती कह दिया था। इसका उल्टा असर हुआ और कांग्रेस के हाथ से ये तीनों राज्य निकल गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने हाथ लगे परिवार के मुद्दे को छोड़ने के मूड में नहीं हैं। इस मुद्दे को वह चुनाव का बेहतरीन मुद्दा मान रहे हैं, इसलिए पिछले तीन दिन से उन्होंने तमिलनाडू, तेलंगाना और उड़ीसा में अपनी चुनावी रैलियों के दौरान लालू यादव की टिप्पणी को बेहतरीन ढंग से भुनाया है। वैसे तो इन तीनों ही गैर भाजपा राज्यों में मोदी की रैलियों में रिकार्ड तोड़ उत्साह देखने को मिला, लेकिन उड़ीसा की रैली में अब तक की सभी रैलियों से ज्यादा उत्साह देखने को मिला।

संयोग से इन तीनों ही राज्यों में परिवारवादी पार्टियों की सरकारें हैं, लेकिन उड़ीसा में क्योंकि मोदी और भाजपा की मित्रवत पार्टी की सरकार है, इसलिए वहां मोदी ने कांग्रेस को ही निशाने पर लिया। इन तीनों ही राज्यों में मोदी ने लालू यादव के परिवार के मुद्दे को परिवारवाद और राष्ट्रवाद की तरफ मोड़ दिया है। वह अपनी रैलियों में खुल कर कह रहे हैं कि जिनके लिए परिवार फर्स्ट है, वे परिवार और भ्रष्टाचार की बात करते हैं, लेकिन जिनके लिए राष्ट्र फर्स्ट है, वे राष्ट्र की बात करते हैं।

एक तरफ लालू यादव के भाषण की एक बात ने मोदी के परिवारवाद और भ्रष्टाचार के मुद्दे को मजबूती प्रदान कर दी है। तो दूसरी तरफ ठीक उसी समय तमिलनाडू की द्रमुक पार्टी के प्रमुख नेता ए. राजा ने भारत को राष्ट्र मानने से इंकार करके मोदी को राष्ट्र फर्स्ट का मुद्दा थमा दिया है। मोदी के तमिलनाडू दौरे से तुरंत बाद ए. राजा ने कहा कि राष्ट्र का मतलब होता है, एकरूपता, एक संस्कृति, एक भाषा, एक वेशभूषा आदि। ए. राजा ने कहा कि तमिल अलग राष्ट्र है, केरल अलग राष्ट्र है, आंध्र अलग राष्ट्र है। ए. राजा ने भारत माता और जय श्रीराम पर घोर आपत्तिजनक टिप्पणियां करके मोदी और भाजपा के हिंदुत्व और राष्ट्र फर्स्ट के मुद्दे को और मजबूत कर दिया है।

## लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह द्वारा सड़क का लोकार्पण

### मंत्री सिलावट की माँग पर पुल निर्माण हेतु एक करोड़ रूपये स्वीकृति की घोषणा

इंदौर। मध्यप्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह और जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सांवेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शिप्रा में 61 करोड़ रुपये की लागत से बनी सड़क का लोकार्पण किया। मंत्री राकेश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि अपने क्षेत्र में विकास के प्रति मंत्री सिलावट सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग मंत्री बनने के बाद यह प्रथम अवसर है जब उन्होंने जबलपुर के अतिरिक्त बाहर जाकर कोई कार्यक्रम किया है। श्री सिलावट की माँग पर ग्राम डकाच्या में सिंगाजी मंदिर के सामने उन्होंने पुल के निर्माण की घोषणा भी की। इसकी लागत लगभग एक करोड़ रुपये होगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रामकन्या चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि और लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री सिलावट ने बताया कि हाल ही में सांवेर क्षेत्र के लिए लगभग 75 करोड़ 50 लाख रूपये लागत की 85 किलोमीटर लम्बी 29 सड़कें स्वीकृत हुई हैं। उन्होंने उक्त सड़कों की स्वीकृति प्रदान करने मंत्री राकेश सिंह का आभार व्यक्त किया।

## अन्नपूर्णा आश्रम पर तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर के बाद स्थायी योग कक्षाएं लगेंगी

इंदौर। बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेलीदेवी योग केन्द्र के तत्वावधान में 9 से 11 मार्च तक दशहरा मैदान स्थित अन्नपूर्णा मंदिर पर केवल महिलाओं के लिए योग क्लास का निःशुल्क अनूठा आयोजन किया जाएगा। पहले तीन दिनों तक शिविर और उसके बाद निमयित कक्षाएं प्रतिदिन सायं 4.30 से 5.30 बजे तक लगाई जाएंगी, ताकि गृह कार्य में जुटी महिलाएं भी योग के लिए समय निकाल सकें। संयोजक किशोर गोयल एवं राजेश बंसल ने बताया कि समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल के मार्गदर्शन में शहर में 10 से अधिक स्थानों पर नियमित निःशुल्क योग कक्षाएं चल रही हैं। अब केवल महिलाओं के अन्नपूर्णा आश्रम पर 9 से 11 मार्च तक तीन दिवसीय शिविर के बाद स्थायी कक्षाएं शुरू करने की योजना है, जिसमें प्रतिदिन अपरान्ह 4.30 से 5.30 बजे तक महिलाएं एक घंटे का समय निकालकर योग शिविर में भाग ले सकें। महिलाओं को भावना जायसवाल एवं मोनिका दुबे योग का प्रशिक्षण देंगी तथा गायत्री पानेरी, दिव्या शर्मा, रानी भावसार एवं सरिता सेंगर जुम्बा का प्रशिक्षण देंगी। केन्द्र प्रभारी आशा बी. जैन और उनकी टीम यहां की व्यवस्था संभालेंगी।

## पेड़-पौधे साक्षात नीलकंठ हैं - डॉ. ओ. पी. जोशी, वरिष्ठ पर्यावरणविद



समुद्र मंथन से निकले जहर को पीकर भगवान शिव नीलकंठ कहलाये। हमारे आसपास के पेड़-पौधे भी रोजाना मानव जन्य प्रदूषण रूपी जहर को सोखकर नीलकंठ हो गए हैं। पेड़-पौधों की पत्तियां विषैली गैसों को सोखकर तथा कणीय पदार्थों को एकत्र कर वायु को साफ करने में सहायक होती हैं। पेडों के तने तथा शाखाओं पर फैली छाल भी यही कार्य करती हैं। बड़ी पत्तियों वाले सदाबहार पेड़ यह कार्य ज्यादा दक्षता से करते हैं; जैसे आम, आसापालव, कदम्ब एवं जामुन आदि। देश-विदेश में किये गये कई अध्ययन दर्शाते हैं कि पेड़-पौधों की अधिकता वाले क्षेत्रों में वायु की गुणवत्ता बेहतर होती है। नल घांस, जलकुम्भी एवं कई अन्य जलीय पौधे प्रदूषित जल को भी काफी शुद्ध कर देते हैं। पेड़ शोर की तीव्रता कम करने में भी मदद गार साबित हुए हैं।महाशिवरात्रि के अवसर पौधों के महत्व को समझना समयोचित होगा।

## खंडवा जिले के सेल्दा में 12 करोड़ रुपए से बनाया जाएगा खेल कॉम्प्लेक्स- जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह

### 353.09 लाख से निर्मित शासकीय महाविद्यालय हरसूद के नये भवन का लोकार्पण किया

इंदौर। जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि खंडवा जिले के ग्राम सेल्दा में 12 करोड़ रूपये की लागत से एक खेल कॉम्पलेक्स का निर्माण किया जायेगा। इससे यहाँ पढ़ने वाले सभी जनजातीय विद्यार्थियों को अच्छी खेल सुविधा मिलेगी। इस परिसर में तैराकी सीखने के लिए स्विमिंग पूल भी बनाया जाएगा तथा अन्य विकास कार्यों के लिए बाद में 100 करोड़ रुपए भी दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि खालवा में हॉकी खेल मैदान में 6 करोड़ 55 लाख रुपए से एस्ट्रोटर्फ बनाया जाएगा। हॉकी के खिलाड़ियों को खेल के गुर सिखाने के लिए प्रशिक्षकों के सभी रिक्त पदों की पूर्ति की जाएगी। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह बुधवार को खंडवा जिले के हरसूद में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद दुर्गादास उईके भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अतिथियों ने 3 करोड़ 53 लाख 9 हजार रूपये की लागत से निर्मित शासकीय महाविद्यालय हरसूद के नये भवन का लोकार्पण कर नये हरसूद के रहवासियों को आवासीय पट्टों के मालिकाना हक प्रमाण-पत्रों का वितरण किया। साथ ही ग्राम पंचायत भवरली, बोथिया, कसरावद, डोटखेडा, उंडेल को एक-एक पानी के टैंकर भी दिये। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि हरसूद महाविद्यालय में वॉटर प्यूरीफायर एवं ठंडे पानी की मशीन लगाई जाएगी। इस भवन के ऊपर एक और भवन बनाया जाएगा, जिसमें अन्य विषयों की कक्षाएं भी लगाई जाएँगी। इस नवीन भवन के अन्य कक्षों में स्मार्ट क्लासेस लगाई जाएँगी। इन सभी व्यवस्थाओं के लिये सांसद श्री उइके द्वारा 58 लाख रुपए दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि हरसूद कॉलेज में आसपास के गांवों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए दो बसें भी उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने चारखेड़ा में 10 करोड़ रुपए से विकास कार्य एवं चारखेड़ा में नर्मदा परिक्रमा करने वालों के लिए एक करोड़ रुपए से सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा भी की। साथ ही नर्मदा मैया का मंदिर बनवाने का आश्वासन भी दिया। मंत्री डॉ. शाह ने एसडीएम हरसूद को निर्देश दिए कि अगले एक महीने में 1000 नामांतरण एवं 331 पट्टे वितरित कराने के लिए त्वरित कार्रवाई करें।

बैतूल सांसद उईके ने कहा कि मध्यप्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल एवं महाविद्यालयों के नये भवन बनाने के कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा का प्रसार हुआ है। राज्य सरकार द्वारा स्कूली विद्यार्थियों के लिए मध्यान्ह भोजन की समुचित व्यवस्था की गयी है।

सी.एम. राइज स्कूल, एकलव्य स्कूल एवं आदिवासी छात्रावास में सुविधाओं का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर युवाओं को अध्ययन के बाद कौशल प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि प्रशिक्षण लेकर वे दूसरों को रोजगार दे सकें। कृषि क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों के पक्के घर बन जाने से उनके जीवन में खुशहाली आई है।

## अप्रैल से जांचेंगे कापियां, मूल्यांकन करेंगे 800 शिक्षक

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने स्नातक अंतिम वर्ष का रिजल्ट जल्द जारी करने को लेकर रूपरेखा बनाई है। मूल्यांकन कार्य बीच परीक्षा में शुरू किया जाएगा। कापियां जांचने के लिए अतिरिक्त शिक्षकों की मदद ली जाएगी। करीब 200 विषयवार शिक्षकों को जोड़ा जाएगा। 45 हजार विद्यार्थियों की कापियां 800 शिक्षक मिलकर जांचेंगे। विश्वविद्यालय ने अप्रैल से मूल्यांकन कार्य करने पर जोर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक, रिजल्ट जून के अंतिम सप्ताह तक घोषित करने का टारगेट रखा है।चुनाव की वजह से विश्वविद्यालय ने अप्रैल के बजाए मार्च में अंतिम वर्ष की परीक्षा रखी है। बीए, बीकाम, बीएससी सहित अन्य यूजी कोर्स के मुख्य विषय के पेपर होने के बाद कापियां जांचने का काम शुरू होगा। विश्वविद्यालय ने 10 अप्रैल के बाद पेपर खत्म होते ही केंद्रों को कापियां तुरंत मूल्यांकन केंद्र में जमा कराने को कहा है। फिर 72 घंटे के भीतर डी-कोडिंग कर शिक्षकों को जांचने के लिए कापियां देंगे। शिक्षकों को भी जल्द से जल्द कापियां जांच कर लौटानी होगी।मूल्यांकन कार्यों में तेजी लाने के लिए विश्वविद्यालय 800 शिक्षकों की मदद लेगा, जिसमें 200 नए शिक्षक होंगे। अधिकांश शिक्षक एनईपी वाले नए विषयों की कापियां जांचने का काम करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, 45 हजार एनईपी और चार हजार ओल्ड स्कीम वाले विद्यार्थी हैं। परीक्षा के लिए 120 केंद्र बनाए हैं। यहां से कापियां 24 घंटे के भीतर केंद्र में पहुंचेगी। परीक्षा नियंत्रक डा. अशेष तिवारी का कहना है कि जुलाई से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होगी, जिसमें स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा दे चुके विद्यार्थी शामिल होंगे। यही वजह है कि इनका रिजल्ट जल्द घोषित किया जाएगा। मूल्यांकन कार्य के लिए निजी कालेज में पढ़ाने वाले शिक्षकों को जोड़ा जाएगा।

## आरटीई के अंतर्गत 9816 आवेदन हुए प्राप्त, चार दिन में 4921 आवेदनों का वेरिफिकेशन करना होगा

### अब तक 5 हजार से अधिक आवेदनों का हुआ वेरिफिकेशन

राज्य शिक्षा केंद्र के शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत अब तक कुल नौ हजार आठ सौ 16 आवेदन आए है, जिसमें 5 हजार से अधिक आवेदनों का वेरिफिकेशन हो चुका है। अब डिपार्टमेंट को चार दिन में चार हजार नौ सौ 21 आवेदनों का वेरिफिकेशन करना होगा। प्राइवेट स्कूलों में कमजोर वर्ग और वंचित समूह के बच्चों के ऑनलाइन निःशुल्क एडमिशन आवेदन की अंतिम तारीख पहले तीन मार्च थी। उसे बढ़ाकर 5 मार्च किया गया था। इस तीन दिनों के दौरान दो हजार से अधिक आवेदन आए हैं। अब 9 मार्च तक डॉक्युमेंट्स का वेरिफिकेशन होगा।

23 फरवरी से आरटीई के तहत आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन 29 फरवरी तक कई बार सर्वर डाउन ही रहा। वहीं एक मार्च को भी पोर्टल ने काम नहीं किया, जिसके चलते कई आवेदन ऑनलाइन जमा नहीं कर पाएं। अब तक जिले के निजी स्कूलों में आरटीई के तहत आरक्षित सीटों के लिए 9 हजार 816 आवेदन आ चुके हैं, जिसमें 5 हजार 895 आवेदन का सत्यापन हो चुका है। चार दिन में 4 हजार 921 आवेदनों का सत्यापन करना होगा। करीब 11-12 मार्च को पारदर्शी रैंडम पद्धति से ऑनलाइन लाटरी निकाली जाएगी, जिसमें मैसेज के माध्यम से पालकों को स्कूल आवंटित किया जाएगा। इसके बाद आवंटन-पत्र डाउनलोड कर आवंटित स्कूल में प्रवेश ले सकेंगे। प्रवेश लेते समय ही संबंधित प्रायवेट स्कूल द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्ट भी दर्ज की जाएगी। ठीक इसके बाद 22 मार्च से दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। दूसरे चरण की ऑनलाइन लॉटरी 28 मार्च को निकाली जाएगी। दूसरे चरण में लॉटरी से चयनित आवेदक 30 मार्च से 5 अप्रैल के बीच आवंटन-पत्र डाउनलोड कर आवंटित स्कूल में एडमिशन ले सकेंगे।

# ग्राहकों को कार्ड नेटवर्क चुनने का विकल्प दें बैंक, आरबीआई का नए सर्कुलर में निर्देश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप डेबिट या क्रेडिट कार्ड ग्राहक हैं तो अब अपनी पसंद के नेटवर्क को चुन सकेंगे। बैंकों को यह सुविधा देनी ही होगी।

आरबीआई ने आदेश में कहा, क्रेडिट-डेबिट कार्ड जारी करते समय बैंक ग्राहकों को कोई भी नेटवर्क चुनने का विकल्प देंगे।बैंक किसी एक कार्ड नेटवर्क को चुनने के लिए ग्राहक को बाध्य नहीं कर सकते हैं। इस नियम को छह महीने के भीतर लागू करना होगा।

आरबीआई ने बुधवार को सर्कुलर में कहा, कार्ड जारी करने वाली कंपनियां कार्ड नेटवर्क के साथ कोई भी ऐसा समझौता या व्यवस्था न करें जो ग्राहकों को दूसरे नेटवर्क की सेवाएं लेने से रोकता हो। जिनके पास अभी कार्ड हैं, ऐसे ग्राहकों को कार्ड के नवीनीकरण के समय नेटवर्क चुनने का विकल्प देना होगा। केंद्रीय बैंक ने कहा, समीक्षा में पता चला है कि कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारीकर्ताओं के बीच मौजूद व्यवस्थाएं ग्राहकों को विकल्प देने के लिहाज से सही नहीं हैं।

बैंक बाजार के सीईओ आदिल शेट्टी ने कहा, आरबीआई के इस फैसले से नया कार्ड लेते समय या नवीनीकरणके दौरान ग्राहकों को अधिक विकल्प मिलेगा।इससे उपभोक्ता अनुभव बेहतर होगा।

### 10 लाख से कम कार्ड वाले नेटवर्क नियम से बाहर

यह निर्देश उन क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं पर लागू नहीं होगा जिनके सक्रिय कार्डों की संख्या 10 लाख या उससे कम है। इसके अलावा खुद के अधिकृत कार्ड नेटवर्क पर क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले संस्थानों को इस निर्देशों से बाहर रखा गया है। वीजा और मास्टर सहित अन्य नेटवर्क देते हैं सेवा अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प, डायनर्स क्लब इंटरनेशनल, मास्टरकार्ड, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का रुपे और वीजा वर्ल्डवाइड जैसे नेटवर्क फिलहाल, कार्ड की सुविधा देते हैं। कार्ड जारीकर्ताओं और नेटवर्क को नवीनीकरण और नए समझौते करते समय आरबीआई के नए दिशानिर्देशों का पालन करना होगा।

## मुकेश अंबानी को हिस्सेदारी बेच रही यह कंपनी, 90 वाले शेयर में लूट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज एक और अमेरिकी मीडिया ग्रुप के भारतीय कारोबार का अधिग्रहण कर सकती है। दरअसल, अमेरिका के मीडिया ग्रुप पैरामाउंट ग्लोबल ने भारत में अपनी मीडिया ज्वाइंट वेंचर की हिस्सेदारी बेचने के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज से बात की है। यह बातचीत अभी शुरुआती स्टेज में है। ऐसा अनुमान है कि हिस्सेदारी बिक्री से पैरामाउंट ग्लोबल को 550 मिलियन डॉलर तक की आय हो सकती है। इस रकम का इस्तेमाल कंपनी कर्ज कटौती के लिए कर सकती है।

बता दें कि पैरामाउंट ग्लोबल ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के विकॉम18 के ज्वाइंट वेंचर के साथ मिलकर भारतीय मीडिया इंडस्ट्री में सक्रिय है। इस ज्वाइंट वेंचर की कंपनी भारत के शेयर बाजार में नटवर्क18 मीडिया एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के नाम से लिस्टेड है।

**शेयर पर दिखा असर:** पैरामाउंट की हिस्सेदारी बिक्री को लेकर ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के बाद नटवर्क18 मीडिया एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिली। सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को शेयर में 5 फीसदी का अपर सर्किट लगा और यह 94.90 रुपये तक पहुंच गया। शेयर की पिछली क्लोजिंग 90.40 रुपये की थी। यह शेयर 19 जनवरी 2024 को 136.20 रुपये के 52 वीक हाई को टच किया था। हाल ही में मुकेश अंबानी के रिलायंस ने अमेरिकी कंपनी वॉल्ट डिज्नी के भारतीय मीडिया कारोबार का अधिग्रहण किया है। इस डील में मेजर स्टेक रिलायंस इंडस्ट्रीज की है।

## डेयर स्टायलिंग और ट्रीटमेंट क्लब चेन की को-फाउंडर हैं अनंत अंबानी की साली

### तब्बू और आलिया भट्ट भी हैं कस्टमर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अंबानी परिवार की छोटी बहू राधिका मर्चेंट आजकल सुर्खियों में हैं। हाल में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की जामनगर में प्री-वेडिंग सेरेमनी हुई थी। इसमें दुनियाभर की कई जानी-मानी हस्तियों को बुलाया गया था। अनंत अंबानी भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी के छोटे बेटे हैं जबकि राधिका मर्चेंट का संबंध भी कारोबारी परिवार से है। उनके पिता वीरेन मर्चेंट एनकोर फार्मास्यूटिकल्स के सीईओ हैं। राधिका की बड़ी बहन अंजली मर्चेंट मजीठिया भी सफल कारोबारी हैं। अंजलि कई कंपनियां चलाती हैं। साथ ही वह एनकोर हेल्थकेयर में डायरेक्टर भी हैं। उनकी मां इस कंपनी में मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। अंजलि का जन्म साल 1989 में मुंबई में जन्म हुआ था। उन्होंने मुंबई के कैथेड्रल और जॉन कॉनन स्कूल से पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के बबसन कॉलेज - उद्यमिता और रणनीतिक प्रबंधन में बीएससी की और फिर लंदन स्कूल ऑफ बिजनस से एमबीए किया। साल 2010 में उन्होंने अमेरिका में यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया में भी एक सेमेस्टर की पढ़ाई की। इस दौरान उन्होंने कनाडा, स्पेन, घाना, जापान और चीन समेत 12 देशों की यात्रा की और विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर काम किया।

**अंजलि का बिजनस:** अंजलि मर्चेंट ने अपने करियर की शुरुआत 2006 में एडवरटाइजिंग कंपनी पब्लिसिस में इंटर्न के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने 2009 में मार्क में भी इंटर्नशिप की थी। साल 2012 में वह अपने पिता वीरेन मर्चेंट की कंपनी एनकॉर हेल्थकेयर के साथ जुड़ी और मार्केटिंग मैनेजर का पद संभाला। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अंजलि ने 2017 में बेयर में भी इंटर्नशिप की थी। 2021 में उन्हें एनकोर हेल्थकेयर और माइलॉन मेटल्स में डायरेक्टर बनाया गया।

## वित्त वर्ष 2025 में 6.8 फीसदी रहेगी भारत की जीडीपी विकास दर, रेटिंग एजेंसी क्रिसिल का अनुमान




**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने बुधवार को अनुमान जताया है कि भारत की अगले वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर 6.8 फीसदी रह जाएगी, जो कि मौजूदा वित्त वर्ष में 7.6 फीसदी है। एजेंसी ने कहा कि ऊंची ब्याज दरों और राजकोषीय दबाव के कारण मांग घटने से वृद्धि में गिरावट आएगी। हालांकि, एजेंसी ने यह भी कहा कि आर्थिक विकास दर में गिरावट रहने के बावजूद भारत तेजी से विकास करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। क्रिसिल ने कहा कि सरकार के खर्च की प्रकृति से निवेश चक्र और ग्रामीण आय को कुछ मदद मिलेगी। इसके मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वित्त वर्ष 2025 में दरों में 0.50 से 0.75 फीसदी अंक की कटौती करेगा। लेकिन कटौती धीरे-धीरे होगी और जून से पहले नहीं होगी। जोशी ने कहा कि आरबीआई को दरों में कटौती करने से पहले मौद्रिक नीति के रुख को निकासी से तटस्थ में बदलना होगा।

एजेंसी ने कहा कि महंगाई में कमी आ रही है और बेहतर कृषि उत्पादन, खाद्य महंगाई पर नियंत्रण और तेल व कमोडिटी की कीमतों में नरमी से वित्त वर्ष 2025 में भी यह गिरावट जारी रहेगी। एजेंसी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमीश मेहता ने कहा, अगले सात वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 5,000 अरब डॉलर (पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) के आंकड़े को पार करेगी और 7,000 अरब डॉलर (सात ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) के करीब पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि अनुमानित 6.7 फीसदी की औसत वार्षिक वृद्धि दर 7,000 अरब डॉलर पर बंद होगी। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2031 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और उच्च मध्यम आय वाला देश होगा। जिससे घरेलू खपत में मदद मिलेगी। वहीं, जोशी ने कहा कि इस दशक के अंत तक देश की प्रति व्यक्ति आय 4,500 डॉलर के स्तर को पार कर जाएगी।

## रिलायंस इंफ्रा के 1100 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति बेचने पर रोक

*दिवालियापन की प्रक्रिया से गुजर रहीं अनिल अंबानी की कई कंपनियां*

*शंघाई इलेक्ट्रिक की आदेश के खिलाफ अपील के जवाब में आया फैसला*

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की ज्यादातर कंपनियां इस समय दिवालियापन की प्रक्रिया से गुजर रही हैं। अब अनिल अंबानी की एक और कंपनी को झटका लगा है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर को 1100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति बेचने, अलग करने, स्थानांतरित करने या उस पर कब्ज़ा करने से रोक दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फैसला अनिल अंबानी की फर्म के खिलाफ चीनी कंपनी शंघाई इलेक्ट्रिक ग्रुप कंपनी लिमिटेड को दिए गए मध्यस्थता के संबंध में है। अदालत ने पिछले फैसले को पलट दिया था, जिसमें शंघाई इलेक्ट्रिक की याचिका खारिज कर दी गई थी और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर को अपनी संपत्ति पर किसी भी तीसरे पक्ष के अधिकार नहीं बनाने का निर्देश दिया था। हालांकि, किसी बैंक या वित्तीय संस्थान को पहले से गिरवी रखी गई संपत्तियां इस प्रतिबंध से मुक्त हैं।




यह फैसला शंघाई इलेक्ट्रिक की आदेश के खिलाफ अपील के जवाब में आया है, जिसमें मध्यस्थता को सुरक्षित करने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया था जिसकी राशि करीब 146 मिलियन डॉलर थी। दिसंबर 2022 में, मध्यस्थ न्यायाधिकरण ने शंघाई इलेक्ट्रिक को आर इंफ्रा के खिलाफ 122.23 मिलियन डॉलर का पुरस्कार दिया, जिसमें ब्याज, कानूनी लागत और खर्च शामिल हैं। सिंगापुर इंटरनेशनल कमर्शियल कोर्ट ने जनवरी 2023 में उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें अंबानी की फर्म को पूरी राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था।

यह विवाद शंघाई इलेक्ट्रिक और रिलायन्स इंफ्रा प्रोजेक्ट्स (यूके) के बीच उपकरण आपूर्ति और सेवाओं के लिए 2008 के अनुबंध से उत्पन्न हुआ है, जो रिलायंस इंफ्रा की एक सहायक कंपनी है। शंघाई इलेक्ट्रिक के मुताबिक, रिलायन्स यूके को अनुबंध के तहत 9,461 करोड़ रुपये का भुगतान करना था, जिसमें 2019 तक 995 करोड़ रुपये देय थे।

## नए शिखर पर सोना, चांदी अब 72000 के पार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट के इतिहास रचने के बाद सर्राफा बाजार ने भी एक नया इतिहास रचा है। आज गोरखपुर, दिल्ली , मुंबई , लखनऊ , जयपुर , इंदौर , कोलकाता , जयपुर और पटना समेत सभी शहरों में सोना 65000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार खुला। आज यानी गुरुवार को 24 कैरेट सोने का औसत हाजिर भाव 65049 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। जबकि, चांदी की चमक भी आज तेज हो गई है। चांदी का भाव आज 411 रुपये प्रति किलो चढ़कर 72121 रुपये पर खुला।

आईबीजेए के नए रेट जारी- आईबीजेए के नए रेट के मुताबिक अब सोना अपने 5 मार्च 2024 के ऑल टाईम हाई को तोड़कर आज 7 मार्च को नया ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया है। सर्राफा मार्केटों में 23 कैरेट गोल्ड की औसत कीमत अब 554 रुपये बढ़कर 64789 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। जबकि, बिना जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज के 22 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 509 रुपये प्रति 10 ग्राम उछल कर 59584 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है।

18 कैरेट सोने की कीमत में 417 रुपये प्रति 10 ग्राम का इजाफा हुआ है।अब यह 48786 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत में भी



325 रुपये की तेजी दर्ज की गई है। आज यह 38053 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर खुला।

सोने-चांदी के ये रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी किए गए हैं। इस रेट पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में सोना-चांदी 1000 से 2000 रुपये महंगा मिल रहा हो।

## टाटा केमिकल्स लिमिटेड के शेयर ने रचा इतिहास, 6 दिन से रॉकेट की तरह बढ़ रहा भाव, ग्रुप कंपनी की लिस्टिंग के हैं संकेत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी- टाटा केमिकल्स लिमिटेड के शेयरों में तेजी का सिलसिला जारी है। सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को शेयर में 13 फीसदी की तेजी थी और इसकी कीमत 1332 रुपये पर पहुंच गई। यह शेयर का ऑल टाइम हाई भी है। यह लगातार 6वां दिन है जब टाटा केमिकल्स के शेयर रॉकेट की तरह बढ़े हैं। शेयर छह कारोबारी दिनों में 36 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे चुका है।




**शेयर में तेजी के कई कारण:** बीते दिनों फिच रेटिंग्स ने टाटा केमिकल्स की लॉन्ग टर्म विदेशी मुद्रा जारीकर्ता डिफ़ॉल्ट रेटिंग (आईडीआर) पर अपने आउटलुक में बदलाव किया है। फिच ने कंपनी के लिए रेटिंग बीबी+ दी है। इसके बाद से टाटा केमिकल्स के शेयरों में तेजी देखी जा रही है। इसके अलावा टाटा संस की संभावित लिस्टिंग के बारे में चर्चा का भी असर टाटा केमिकल्स के शेयरों पर पड़ा है। बता दें कि टाटा संस, टाटा केमिकल्स में प्रमोटर है।

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट:** एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च के देवर्ष वकील ने बिजनेस टुडे टीवी को बताया-भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने टाटा संस को अपर लेयर की एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी) के रूप में वर्गीकृत किया है। इस वजह से टाटा संस को सितंबर 2025 तक खुद को शेयर बाजार में लिस्ट करना अनिवार्य हो गया है। वहीं, इक्विनॉमिक्स रिसर्च के संस्थापक और एमडी जी चोकालिंगम ने कहा- टाटा संस की लिस्टिंग को लेकर बाजार में कुछ उम्मीदें हैं। अगर ऐसा होता है तो यह टाटा केमिकल्स सहित सूचीबद्ध टाटा समूह की अन्य कंपनियों के लिए एक पॉजिटिव बात होगी। लेकिन शेयरों को लेकर जल्दबाजी न करें और किसी भी स्तर पर खरीदारी करने से बचना बेहतर होगा।

**कितनी है हिस्सेदारी :** शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक टाटा केमिकल्स में टाटा संस प्रमुख प्रमोटर है। टाटा संस की कंपनी में 31.90 फीसदी हिस्सेदारी या 8,12,60,095 शेयर हैं। इसके अलावा टाटा केमिकल्स के प्रमोटर ग्रुप में टाटा इन्वेस्टमेंट, वोल्टास, टाटा मोटर्स, टाइटन कंपनी, टाटा इंडस्ट्रीज, टाटा कॉफी और टाटा कंज्यूमर जैसी कंपनियां भी शामिल हैं। प्रमोटर्स के पास कंपनी में 37.98 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 62.02 फीसदी की है।

# Flipkart plans to roll out quick-commerce service soon

Flipkart is planning to launch a quick-commerce service in a few months, people in the know of the matter said. The delivery timeline targeted by the ecommerce major and the number of cities it plans to launch the venture are not yet known, they added.

The move comes as quick-commerce firms like while Zepto and Blinkit are making inroads into ecommerce territory adding several categories such as fashion, beauty, electronics, toys, home and kitchen to their offerings. The development was first reported by business news portal Entrackr on Thursday.

"Over the past few months, we have made several investments to enhance our delivery capabilities, including adding same-day delivery in w® cities… We are committed to meeting evolving customer e&pectations and delivering e&cellence… with more initiatives e&pected on this front in the coming months," a spokesperson for Flipkart said in response to queries about the quick-commerce venture.

Over the ne&t few months, Zepto and Blinkit will add thousands of new stock keeping units (SKUs), taking the number to over v®,®®® as they see consumers making frequent purchases. They have also tied up with apparel firms and sellers for listing of brands including Adidas, Pepe Jeans, Jockey, Manyavar, XYXX and Mad Over Print.

Flipkart, on the other hand, has been working to cut down the timeline of its deliveries across categories for some time now. The firm rolled out same-day delivery of products across several categories at no e&tra cost from February. It initially launched the benefit in w® cities, including metros like Delhi and Bengaluru, and also in smaller towns like Guwahati and Ludhiana. The firm runs a quick hyperlocal delivery service for groceries called Flipkart Quick in a few geographies, which allows for delivery of fruits and vegetables in about ~® minutes or in a two-hour time slot.

On Thursday, Glade Brook CapitalÓs founder and chief investment officer Paul Hudson in a LinkedIn blog said the Indian quick-commerce sector might see e&pansion into a much wider array of SKUs, placing it closer to ecommerce in the future. The fund had backed Mumbai-based Zepto last year and invested in BlinkitÓs parent company Zomato back in w®v~.



# इस साल कब है महाशिवरात्रि? सही तिथि, शुभ मुहूर्त, पूजा विधि और महत्व

महाशिवरात्रि के दिन शिवजी के भक्त श्रद्धा और विश्वास के साथ व्रत रखते हैं और विधि-विधान से शिव-गौरी की पूजा करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ पृथ्वी पर मौजूद सभी शिवलिंग में विराजमान होते हैं, इसलिए महाशिवरात्रि के दिन की गई शिव की उपासना से कई गुना अधिक फल प्राप्त होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन शिव जी और माता पार्वती का विवाह हुआ था, इसलिए यह पर्व हर साल शिव भक्तों द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है। महाशिवरात्रि के दिन शिवजी के भक्त श्रद्धा और विश्वास के साथ व्रत रखते हैं और विधि-विधान से शिव-गौरी की पूजा करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ पृथ्वी पर मौजूद सभी शिवलिंग में विराजमान होते हैं, इसलिए महाशिवरात्रि के दिन की गई शिव की उपासना से कई गुना अधिक फल प्राप्त होता है। पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 8 मार्च को संध्याकाल 09 बजकर 57 मिनट पर होगी। इसका समापन अगले दिन 09 मार्च को संध्याकाल 06 बजकर 17 मिनट पर होगा। शिव जी की पूजा प्रदोष काल में की जाती है, इसलिए उदया तिथि देखना जरूर नहीं होता है। ऐसे में इस साल महाशिवरात्रि का व्रत 8 मार्च 2024 को रखा जाएगा।

### महाशिवरात्रि 2024 पूजा मुहूर्त

8 मार्च को महाशिवरात्रि के दिन शिव जी की पूजा का समय शाम के समय 06 बजकर 25 मिनट से 09 बजकर 28 मिनट तक है। इसके अलावा चार प्रहर का मुहूर्त इस प्रकार है-

महाशिवरात्रि 2024 चार प्रहर मुहूर्त

**रात्रि प्रथम प्रहर पूजा समय** - शाम 06 बजकर 25 मिनट से रात 09 बजकर 28 मिनट तक

**रात्रि द्वितीय प्रहर पूजा समय** - रात 09 बजकर 28 मिनट से 9 मार्च को रात 12 बजकर 31 मिनट तक

**रात्रि तृतीय प्रहर पूजा समय** - रात 12 बजकर 31 मिनट से प्रातः 03 बजकर 34 मिनट तक

रात्रि चतुर्थ प्रहर पूजा समय - प्रातः 03.34 से प्रातः 06.37

**निशिता काल मुहूर्त** - रात में 12 बजकर 07 मिनट से 12 बजकर 55 मिनट तक (9 मार्च)

**व्रत पारण समय** - सुबह 06 बजकर 37 मिनट से दोपहर 03 बजकर 28 मिनट तक (9 मार्च)

### महाशिवरात्रि की पूजा विधि

- महाशिवरात्रि के दिन प्रातः काल उठकर स्नान आदि करके पूरी श्रद्धा के साथ भगवान शिव शंकर के आगे व्रत का संकल्प लें।
- संकल्प के दौरान उपवास की अवधि पूरा करने के लिए शिव जी का आशीर्वाद लें।
- इसके अलावा आप व्रत किस तरह से रखेंगे यानी कि फलाहार या फिर निर्जला ये भी संकल्प लें।
- फिर शुभ मुहूर्त में पूजा प्रारंभ करें।
- सबसे पहले भगवान शंकर को पंचामृत से स्नान कराएं।
- साथ ही केसर के 8 लोटे जल चढ़ाएं और पूरी रात्रि का दीपक जलाएं। इसके अलावा चंदन का तिलक लगाएं।
- बेलपत्र, भांग, धतूरा भोलेनाथ का सबसे पसंदीदा चढ़ावा है।
- इसलिए तीन बेलपत्र, भांग, धतूरा, जायफल, कमल गट्टे, फल, मिष्ठान, मीठा पान, इत्र व दक्षिणा चढ़ाएं।
- सबसे बाद में केसर युक्त खीर का भोग लगा कर सबको प्रसाद बांटें।

**वैसे तो शिवरात्रि हर महीने आती है, लेकिन फाल्गुन महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शिवरात्रि को विशेष महत्?व दिया गया है. इसे महाशिवरात्रि के नाम से जाना जाता है. मान्यता है कि इसी दिन शिवजी और माता पार्वती का विवाह हुआ था. इस साल 2024 में महाशिवरात्रि का पर्व 8 मार्च को पड़ रहा है. ये महाशिवरात्रि कई मायनों में बेहद खास मानी जा रही है.**




# महाशिवरात्रि के रहस्य

प्रत्येक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शिवरात्रि या मासिक शिवरात्रि कहा जाता है। इसे ही प्रदोष भी कहा जाता है। जब यही प्रदोष श्रावण माह में आता है तो उसे वर्ष की मुख्य शिवरात्रि माना जाता है। दूसरी ओर फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी पर पड़ने वाली शिवरात्रि को महाशिवरात्रि कहा जाता है, जिसे बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस चतुर्दशी को शिवपूजा करने का विशेष महत्व और विधान है।

**बोधोत्सव** - शिवरात्रि बोधोत्सव है। ऐसा महोत्सव, जिसमें अपना बोध होता है कि हम भी शिव का अंश हैं, उनके संरक्षण में हैं।

**अवतरण दिवस** - माना जाता है कि सृष्टि की शुरुआत में इसी दिन आधी रात में भगवान शिव का निराकार से साकार रूप में (ब्रह्म से रुद्र के रूप में) अवतरण हुआ था। यह भी माना जाता है कि इसी रात्रि को भगवान शंकर का रुद्र के रूप में ब्रह्मा से अवतरण हुआ था। विष्णु से ब्रह्मा और ब्रह्मा से रुद्र की उत्पत्ति मानी जाती है।

**प्रकटोत्सव** - ईशान संहिता में बताया गया है कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात आदि देव भगवान श्रीशिव करोड़ों सूर्यों के समान प्रभा वाले लिंगरूप में प्रकट हुए थे।

**चंद्र शिव का मिलन** - ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि में चंदमा सूर्य के नजदीक होता है। उसी समय जीवनरूपी चंद्रमा का शिवरूपी सूर्य के साथ योग-मिलन होता है। इसलिए इस चतुर्दशी को शिवपूजा करने का विधान है। सूर्यदेव इस समय पूर्णतः उत्तरायण में आ चुके होते हैं तथा ऋतु परिवर्तन का यह समय अत्यन्त शुभ कहा गया है।

**जलरात्रि** - प्रलय की बेला में इसी दिन प्रदोष के समय भगवान शिव तांडव करते हुए ब्रह्मांड को तीसरे नेत्र की ज्वाला से भस्म कर देते हैं। इसलिए इसे महाशिवरात्रि या जलरात्रि भी कहा गया है।

**ज्योतिर्लिंग प्रकटोत्सव** - भस्म करने के बाद सृष्टि की जगह बहुत काल तक यही जलरात्रि या महारात्रि छाई रही। देवी पार्वती ने इसी रात्रि को शिव की पूजा कर उनसे पुनः सृष्टि रचना की प्रार्थना की इसीलिए इसे शिव की पूजा की रात्रि कहा जाता है। फिर इसी रात्रि को भगवान शंकर ने सृष्टि उत्पत्ति की इच्छा से स्वयं को ज्योतिर्लिंग में परिवर्तित किया।

**विवाहोत्सव** - इस दिन भगवान शंकर की शादी भी हुई थी। इसलिए रात में शंकर की बारात निकाली जाती है। रात में पूजा कर फलाहार किया जाता है। अगले दिन सवेरे जौ, तिल, खीर और बेल पत्र का हवन करके व्रत समाप्त किया जाता है।

**जीव और शिव के मिलन की रात्रि** - माना जाता है कि इसी रात्रि को भगवान शिव और पार्वती का विवाह हुआ था। तत्ववेत्ताओं द्वारा इसे जीव और शिव के मिलन की रात्रि कहा जाता है। इसीलिए इस रात्रि को महिलाएं अच्छे पति, वैवाहिक सुख और पति की लंबी आयु की कामना से भी मनाती हैं।

**विषपान करके बने नीलकंठ** - शैव पंथ में रात्रियों का महत्व अधिक है। हिंदु धर्मग्रंथानुसार फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। महाशिवरात्रि की रात्रि से संबंधित कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। यह भी कहा जाता है कि समुद्र मंथन के दौरान जब समुद्र से विष (हलाहल) उत्पन्न हुआ तो भगवान शंकर ने उक्त विष को पीकर अपने कंठ में सजा लिया इसीलिए उन्हें नीलकंठ कहा जाता है। विषपान की इस रात्रि की याद में भी महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है।

**शिवरात्रि पूजा** - प्रत्येक प्रांत में शिव पूजा और उत्सव को मनाने के तरीके भिन्न-भिन्न हो सकते हैं किंतु पूजा में शिव को आंकड़े का फूल और बिल्व पत्र ही चढ़ाया जाता है और जहां भी उनका ज्योतिर्लिंग है वहां भस्म आरती, रुद्राभिषेक और जलाभिषेक कर भगवान शिव का पूजन किया जाता है। उक्त पूजा के बाद ही उत्सव का आयोजन होता है जिसमें कुछ लोग भाँग पीते हैं और रातभर जागरण करते हैं।

# शिवरात्रि और महाशिवरात्रि का फर्क

**कभी आपने यह नहीं सुना होगा कि होली या महाहोली, दीपावली या महादीवावली, नवरात्रि या महानवरात्रि। लेकिन आपने दो शब्द कैलेंडर में पढ़ें होंगे, एक शिवरात्रि और दूसरा महाशिवरात्रि। आखिर शिवरात्रि और महाशिवरात्रि में फर्क क्या है?**

**शिवरात्रि**- भगवान शिव का सोमवार और प्रदोष दिन नियुक्त है। हर महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शिवरात्रि कहते हैं। इसे ही प्रदोष भी कहा जाता है। इसे मासिक शिवरात्रि भी कहते हैं। जब यही प्रदोष श्रावण माह में आता है तो वह बड़ी शिवरात्रि मानी जाती है। श्रावण मास की चतुर्दशी को शिवरात्रि भी धूम-धाम से मनाई जाती है।

**महाशिवरात्रि**- फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी पर पड़ने वाली शिवरात्रि को महाशिवरात्रि कहा जाता है, जिसे बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस चतुर्दशी को शिवपूजा करने का विशेष महत्व और विधान है। कहते हैं कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि में आदिदेव भगवान शिव करोड़ों सूर्यों के समान प्रभाव वाले लिंग रूप में प्रकट हुए-

फाल्गुनकृष्णचतुर्दश्यामादिदेवो महानिशि।
शिवलिंगतयोद्भूतः कोटिसूर्यसमप्रभः।।

ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि में चंदमा सूर्य के नजदीक होता है। उसी समय जीवनरूपी चंद्रमा का शिवरूपी सूर्य के साथ योग-मिलन होता है। सूर्य देव इस समय पूर्णतः उत्तरायण में आ चुके होते हैं तथा ऋतु परिवर्तन का यह समय अत्यन्त शुभ कहा गया है।

## महाशिवरात्रि का महत्व

शिवरात्रि बोधोत्सव है। ऐसा महोत्सव, जिसमें अपना बोध होता है कि हम भी शिव का अंश हैं, उनके संरक्षण में हैं। माना जाता है कि सृष्टि की शुरुआत में इसी दिन आधी रात में भगवान शिव का निराकार से साकार रूप में (ब्रह्म से रुद्र के रूप में) अवतरण हुआ था। ईशान संहिता में बताया गया है कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात आदि देव भगवान श्रीशिव करोड़ों सूर्यों के समान प्रभा वाले लिंगरूप में प्रकट हुए। प्रलय की बेला में इसी दिन प्रदोष के समय भगवान शिव तांडव करते हुए ब्रह्मांड को तीसरे नेत्र की ज्वाला से भस्म कर देते हैं। इसलिए इसे महाशिवरात्रि या जलरात्रि भी कहा गया है। इस दिन भगवान शंकर की शादी भी हुई थी। इसलिए रात में शंकर की बारात निकाली जाती है। रात में पूजा कर फलाहार किया जाता है। अगले दिन सवेरे जौ, तिल, खीर और बेल पत्र का हवन करके व्रत समाप्त किया जाता है।



# महाशिवरात्रि के दिन सप्तधान की शिवा मुट्ठी से प्रसन्न होंगे भोलेनाथ

**शिवरात्रि पर भगवान शिव को बिल्वपत्र, धतूरा, आंकड़ा, पंचामृत, जल आदि अर्पित किया जाता है। इसी के साथ सप्तधान की शिवा मुट्ठी को चढ़ाने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। आओ जानते हैं कि क्या है यह शिवा मुट्ठी और किस तरह करते हैं इसे अर्पित।**

## क्या है सप्तधान की शिवा मुट्ठी

इस में कच्चे चावल, सफेद तिल, खड़े मूंग, जौ और सतुआ। आमतौर पर यह धान सावन माह के प्रति सोमवार को एक-एक मुट्ठी अर्पित किए जाते हैं परंतु यहां उक्त सभी में ज्वार और गेंहू मिलाकर एक मुट्ठी महाशिवरात्रि पर शिवजी के समक्ष अर्पित करें। इसके लिए किसी विद्वान से पूछकर यह कार्य करें।

शिवा मुट्ठी चढ़ाने से पहले शिवजी का जलाभिषेक करें फिर शिवजी को पंचामृत चढ़ाएं। इसके बाद शिवजी को जल से पुनः स्नान कराने के बाद 108 बेलपत्र पर ऊं नमः शिवाय लिखकर चढ़ाएं। इसके बाद शिवजी को इत्र अर्पित करें। फिर पीली धोती शिवलिंग पर चढ़ाएं और साथ में माता पार्वती को चुनरी चढ़ाएं। इसके बाद पूरे शिव परिवार को जल दें और पूजा करें। अंत में शिवा मुट्ठी अर्पित करें।

## फायदे

शिवामुट्ठी अर्पित करने से भोलेनाथ प्रसन्न होकर जातक के जीवन के सभी कष्ट दूर कर देते हैं और जीवन में धन-धान्य, सुख-शांति आदि का आशीर्वाद देते हैं।

# 10 मनोकामना, 10 द्रव्य 10 सरल अभिषेक

**महाशिवरात्रि शिव जी का अत्यंत प्रिय पर्व है, इस दिन भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है। आइए यहां जानते हैं किस प्रकार की मनोकामना के लिए शिव शंकर का किस द्रव्य से पूजन करना चाहिए। सभी अभिषेक द्रव्य का फल अलग-अलग प्राप्त होता है।**

- गंगाजल या शुद्ध जल- सौभाग्य वृद्धि।
- दुग्ध गाय का- गृह शांति तथा लक्ष्मी प्राप्ति।
- सुगंधित तेल- भोग प्राप्ति।
- सरसों का तेल- शत्रु नाश।
- मीठा जल या दुग्ध- बुद्धि प्राप्ति।
- घी- वंश वृद्धि।
- पंचामृत- मनोवांछित प्राप्ति के लिए।
- गन्ने का रस या फलों का रस- लक्ष्मी तथा ऐश्वर्य प्राप्ति।
- छाछ- ज्वर से छुटकारा।
- शहद- ऐश्वर्य प्राप्ति।





# महाशिवरात्रि का दिन बढ़ाता है शुभ ऊर्जा और विश्वास

एक समय था जब भारतीय संस्कृति में 365 त्योहार हुआ करते थे। दूसरे शब्दों में हर दिन उत्सव मनाने के लिए उन्हें बस एक बहाने की जरूरत होती थी। जीवन के अलग-अलग उद्देश्यों को लेकर ये 365 त्योहार मनाए जाते थे। लेकिन महाशिवरात्रि का अपना अलग ही महत्व है। कृष्ण पक्ष में हरेक चंद्र मास का चौदहवां दिन या अमावस्या से एक दिन पूर्व शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। एक पंचांग वर्ष में होने वाली सभी बारह शिवरात्रियों में से महाशिवरात्रि जो फरवरी-मार्च के महीने में आती है, सबसे अधिक महत्वपूर्ण मानी गई है। इस रात्रि में इस ग्रह के उत्तरी गोलार्ध की दशा कुछ ऐसी होती है कि मानव शरीर में प्राकृतिक रूप से ऊर्जा ऊपर की ओर चढ़ती है। यह एक ऐसा दिन होता है जब प्रकृति व्यक्ति को उसके आध्यात्मिक शिखर की ओर ढकेल रही होती है। इसका उपयोग करने के लिए इस परंपरा में हमने एक खास त्योहार बनाया है जो पूरी रात मनाया जाता है। पूरी रात मनाए जाने वाले इस त्योहार का मूल मकसद यह निश्चित करना है कि ऊर्जाओं का यह प्राकृतिक चढ़ाव या उतार अपना रास्ता पा सके। वे लोग जो अध्यात्म मार्ग पर हैं उनके लिए महाशिवरात्रि बहुत महत्वपूर्ण है। योग परंपरा में शिव की पूजा ईश्वर के रूप में नहीं की जाती बल्कि उन्हें आदि गुरु माना जाता है, वे प्रथम गुरु हैं जिनसे ज्ञान की उत्पति हुई थी। कई हजार वर्षों तक ध्यान में रहने के पश्चात एक दिन वे पूर्णतः शांत हो गए, वह दिन महाशिवरात्रि का है। उनके अंदर कोई गति नहीं रह गई और वे पूर्णतः निश्चल हो गए। इसलिए तपस्वी महाशिवरात्रि को निश्चलता के दिन के रूप में मनाते हैं। पौराणिक कथाओं के अलावा योग परंपरा में इस दिन और इस रात को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि महाशिवरात्रि एक तपस्वी व जिज्ञासु के समक्ष कई संभावनाएं प्रस्तुत करती है। आधुनिक विज्ञान कई अवस्थाओं से गुजरने के बाद आज एक ऐसे बिंदु पर पहुंचा है जहां वे यह सिद्ध कर रहे हैं कि हर चीज जिसे आप जीवन के रूप में जानते हैं, वह सिर्फ ऊर्जा है, जो स्वयं को लाखों करोड़ों रूप में व्यक्त करती है।



# ओंकारेश्वर में शिवजी और मां पार्वती के लिए बिछाई जाती है चौसर पासे की बिसात

12 ज्योतिर्लिंगों में से एक मध्यप्रदेश में इंदौर के पास स्थित ओमकारेश्वर ज्योर्तिलिंग को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इस मंदिर क्षेत्र में तीन पुरियां हैं- शिवपुरी, विष्णुपुरी और ब्रह्मपुरी। यहां का मंदिर नर्मदा नदी के तट पर स्थित है। यहां पर शिवजी की तीन प्रहर की आरती की जाती है। कहते हैं कि सुबह, शाम और रात्रि को शयानारती के समय स्वयं शिवजी उपस्थित रहते हैं। शयनकाल की आरती के बाद शयन आसन में शिव-पार्वती जी के लिए यहां पर चौपड़ सजयी जाती है। मान्यता है कि भोलेनाथ और मां पार्वती दोनों चौपड़ खेलने आते हैं। इस परंपरा को प्राचीनकल से ही निभाया जा रहा है। ज्योर्तिलिंग के सामने प्रतिदिन चौपड़ बिछाकर उसकी गोटे और पासे यथास्थान रखे जाते हैं। इस प्राचीन खेल मे चौकोर सफेद काले बॉक्स होते है, जिस पर गोट जमाई जाती है। यहां के पुजारी पंडित रमेश चंद्र के अनुसार चौपड़ पासे जामाकर मंदिर के द्वार परजूना की जाती है और इसके बाद द्वार पर ताले लगा दिए जाते हैं। इस दौरान रात्रिकाल में किसी को भी मंदिर में जाने की अनुमति नहीं रहती है। अगले दिन ब्रह्म मुहुर्त में मंदिर के जब पट खोले जाते हैं तो चौपड़ पर रखी गोटे और पासे इस प्रकार से बिखरे मिलते हैं कि जैसे उनसे खेला गया हो। बताया जाता है कि ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग ही एक मात्र ऐसा तीर्थ स्थल है। जहां हर रात भगवान शिव और माता पार्वती आते हैं और उसके बाद वे दोनों चौसर खेलते हैं। कहते हैं कि तीनों लोक का भ्रमण करने के बाद शिवजी यहां पर चौसर खेलने के बाद रात्रि विश्राम करते हैं।



इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

# टीम इंडिया के स्पिनर्स का चला जादू

## 8 रन बनाने में इंग्लैंड के 5 विकेट गिरे

### इंग्लैंड पहली पारी में 218 रन पर ढेर

- रोहित की 18वीं फिफ्टी,यशस्वी अर्धशतक बनाकर आउट, भारत 135/1





### कुलदीप यादव 5 तो अश्विन ने 4 विकेट लिए

**धर्मशाला (एजेंसी)।** धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड की पारी 218 रनों पर सिमट गई है। एक समय टीम बड़े स्कोर की तरफ बढ़ते दिख रही थी। लेकिन फिर भारतीय स्पिनर्स का जादू देखने को मिला। भारत के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड ने बेहतरीन शुरुआत की। सलाममी बल्लेबाज जैक क्राउली ने अर्धशतक बनाया। इससे एक समय टीम का स्कोर 3 विकेट पर 175 रन था। लेकिन अगले 8 रन बनाने में इंग्लैंड ने 5 विकेट खो दिए। भारत की स्पिन गेंदबाजी का उनके पास कोई जवाब नहीं था। अंत में एक समय 300 के पार जाती दिख रही इंग्लैंड की टीम सिर्फ 218 रनों पर ऑलआउट हो गई।

इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट की पहली पारी में 218 रन पर ऑलआउट हो गई। फिलहाल, पहले दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है और भारत एक विकेट के नुकसान के 122 रन बना लिए हैं। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी क्रीज पर है। रोहित अपने टेस्ट करियर की 18वीं फिफ्टी पूरी कर चुके हैं। इससे पहले, गुरुवार को एचपीसीए स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। ओपनर जैक क्रॉले ने 79 रन बनाए। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने 5 विकेट लिए, जबकि कुलदीप को 4 सफलताएं मिलीं। रवींद्र जडेजा के हिस्से एक विकेट आया।

## 100वें टेस्ट पर भारतीय खिलाड़ियों ने अश्विन को दिया गार्ड ऑफ ऑनर



धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम के सुंदर नजारों के बीच रविचंद्रन अश्विन और जॉनी बेयरस्टो ने 100वीं टेस्ट कैप हासिल कीं। दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां मुकाबला इन दोनों खिलाड़ियों के लिए बेहद खास है।

भारतीय टीम पहले से ही इस सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर चुकी है और इस टेस्ट का कोई खास महत्व सीरीज के नजरिए से न हो, लेकिन अश्विन और बेयरस्टो की व्यक्तिगत यात्रा के लिए यह मैच बहुत महत्व रखता है। सोशल मीडिया पर भी इन दोनों को काफी बधाई संदेश मिल रहे हैं। सचिन तेंदुलकर से लेकर वीवीएस लक्ष्मण और अनिल कुंबले तक ने इन खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### अश्विन का रिकॉर्ड

भारतीय टेस्ट टीम के मुख्य गेंदबाज अश्विन ने धर्मशाला टेस्ट से पहले तक 99 टेस्ट में 507 विकेट चटकाए हैं। इसके अलावा वनडे और टी20 में भी उन्होंने अच्छा योगदान दिया है। उनके टेस्ट आंकड़े 23.91 के प्रभावशाली औसत का दावा करते हैं, जिसमें 35 फाइव विकेट हॉल और आठ 10 विकेट हॉल शामिल हैं। अश्विन हाल ही में कुंबले को पीछे छोड़ते हुए घरेलू जमीन पर सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे।



# बेईमानी पर उतरा अंपायर!

## बांग्लादेश-श्रीलंका के बीच टी- 20 मैच में हुआ भारी विवाद

**सिलहट, एजेंसी।** बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच खेले गए दूसरे टी20 मैच में भारी बवाल देखने को मिला। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला सिलहट क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया था। मैच में श्रीलंका की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 165 रन बनाए। 166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेशी टीम के लिए लिटन दास और सौम्य सरकार ने सधी हुई शुरुआत की। बांग्लादेशी टीम के लिए पहले तीन ओवर में दोनों ने मिलकर 28 रन बना लिए। वहीं श्रीलंका के लिए बिनुरा फर्नांडो जैसे ही चौथा ओवर लेकर आए उन्होंने पहली ही गेंद पर सौम्य सरकार को आउट कर दिया।

बिनुरा फर्नांडो की गेंद सौम्य के बैट का अंदरुनी किनारा लेते हुए विकेटकीपर के दस्ताने में था। अपील के बाद मैदानी अंपायर ने बल्लेबाज को आउट के लिए उंगली उठा दी, लेकिन सौम्य सरकार ने डीआरएस ले लिया। डीआरएस के वीडियो रिप्ले में स्निकोमीटर पर यह साफ दिख रहा था कि गेंद बैट का एज लेकर विकेटकीपर तक पहुंची है, लेकिन हैरानी की बात यह थी कि थर्ड अंपायर मसूदुर रहमान ने सौम्य सरकार को नॉट आउट दे दिया। इसके बाद फिर मैदान पर भारी बवाल देखने को मिला।

### 8 विकेट से बांग्लादेश ने जीता मैच

थर्ड अंपायर के फैसले के कारण जिस समय यह विवाद हुआ था सौम्य सरकार 9 गेंद में 14 रन बनाकर खेल रहे थे। हालांकि सौम्य सरकार इसका फायदा नहीं उठा सके और 26 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे नजमुल हसन शंटो ने दमदार खेल दिखाते हुए 38 गेंद में 53 रनों की पारी खेलकर बांग्लादेश को 8 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

नजमुल हसन शंटो के अलावा ओपनर बल्लेबाज लिटन दास ने भी 36 रनों की पारी खेली। अपनी इस पारी में 24 गेंद का सामना किया जिसमें उन्होंने 5 चौके और 1 छक्का भी लगाया। इसके अलावा तौहीद हृदोय ने 25 गेंद में 32 रनों का योगदान दिया। इस तरह बांग्लादेशी टीम ने दूसरे टी20 मैच में जीत हासिल कर सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली।

पेरिस ओलंपिक

## भारत पुरुष हॉकी अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा



**लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पेरिस ओलंपिक 2024 अभियान की शुरुआत करेगी। बुधवार को एक समारोह में, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के अध्यक्ष तैयब इकराम और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने लुसाने में ओलंपिक हाउस में कार्यक्रम की घोषणा की।

न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला भारत के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह 2023 हॉकी विश्व कप में निर्धारित समय में 3-3 से बराबरी के बाद पेनल्टी शूटआउट में उनकी दिल दहला देने वाली हार से उबरने का मौका है। पेरिस में हॉकी प्रतियोगिता 27 जुलाई से 9 अगस्त तक निर्धारित है और येवेस-डु-मनोइर स्टेडियम में खेली जाएगी। टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत पूल बी में है और उसका अगला मुकाबला 29 जुलाई को अर्जेंटीना, 30 जुलाई को आयरलैंड, 1 अगस्त को बेल्जियम और 2 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

पूल ए में नीदरलैंड, स्पेन और जर्मनी जैसी शक्तिशाली टीमों के साथ, प्रतियोगिता शुरू से अंत तक जबरदस्त होने का वादा करती है।

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारत के लिए पांचवें खिलाड़ी ने किया डेब्यू



**धर्मशाला, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत के लिए पांच खिलाड़ी डेब्यू किए हैं। सीरीज के दौरान पांचवीं टेस्ट कैप धर्मशाला के मैदान पर बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को मिली है। रजत पाटीदार को टीम से बाहर कर दिया गया है। देवदत्त पडिक्कल इससे पहले भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेल चुके हैं, लेकिन पहली बार टेस्ट मैच में उतरे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच के लिए टीम में दो बदलाव देखने को मिले हैं। रजत पाटीदार की जगह देवदत्त पडिक्कल को मौका मिला है, जबकि आकाशदीप की जगह तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह खेल रहे हैं।

### इन खिलाड़ियों ने किया डेब्यू

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारत के लिए पहले मैच में किसी खिलाड़ी ने डेब्यू नहीं किया था, लेकिन अगले मैच में रजत पाटीदार टेस्ट डेब्यू करने उतरे। वहीं, अगले मैच में दो खिलाड़ियों ने टेस्ट कैप हासिल की, जिनमें एक सरफराज खान और दूसरे विकेटकीपर ध्रुव जुरेल थे। वहीं, चौथे टेस्ट मैच में तेज गेंदबाज आकाशदीप को टेस्ट डेब्यू करने का मौका मिला और अब सीरीज के आखिरी मैच में देवदत्त पडिक्कल टेस्ट कैप हासिल करने में सफल हुए। इस तरह इस पांच मैचों की सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया के लिए पांच खिलाड़ियों ने टेस्ट डेब्यू किया है।

## ऑस्ट्रेलिया लिंक की वजह से एडन मार्करम से सनराइजर्स हैदराबाद ने छीनी कप्तानी, एबी डिविलियर्स हैं बेहद नाखुश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद यानी एसआरएच ने आईपीएल 2024 से ठीक पहले अपने कप्तान को क्यों बदला है? इसका सबसे सटीक कारण साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने बताया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने एडन मार्करम से कप्तानी छीनी है और साढ़े 20 करोड़ में खरीदे गए पैट कमिंस को टीम की कमान सौंपी है। एबी डिविलियर्स ने बताया है कि एसआरएच के हेड कोच डेनियल विटोरी ऑस्ट्रेलिया की टीम के सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा हैं। यही कारण है कि कमिंस को कप्तानी मिली है। डिविलियर्स सनराइजर्स हैदराबाद के इस फैसले से नाखुश हैं, लेकिन वे समझते हैं कि फ्रेंचाइजी शायद सही कदम उठाया है, क्योंकि 2023 में दो बड़े आईसीसी टाइटल कमिंस ने अपनी टीम को दिलाए हैं।



एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, उनके (पैट कमिंस) उस टीम में कप्तान होने का कारण है। हालांकि, ज्यादातर लोगों के लिए यह थोड़ा आश्चर्य की बात है, मेरे लिए शायद यह देखकर थोड़ी निराशा हुई कि एडन मार्करम को हटा दिया गया और पैट कमिंस के लिए उन्हें जगह छोड़नी पड़ी।

भले ही एडन मार्करम ने लगातार टी-20 टूर्नामेंट जीते हैं। डिविलियर्स ने आगे मार्करम को लेकर कहा, मुझे लगता है कि वह एक शानदार कप्तान हैं और स्क्रा में उन्हें कप्तान के रूप में उसकी आदत हो गई थी। इसलिए, यह मेरे लिए, उनके लिए और सभी दक्षिण अफ्रीकी प्रशंसकों के लिए निराशाजनक है, लेकिन अगर यह स्क्रा टीम के सर्वश्रेष्ठ के लिए है, तो ये सही है।

साउथ अफ्रीका के महान बल्लेबाज ने स्क्रा कैंप में ऑस्ट्रेलियाई टीम के कनेक्शन का संकेत दिया, क्योंकि उनके मुख्य कोच डेनियल विटोरी भी ऑस्ट्रेलिया की टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं। डिविलियर्स ने कहा, डेनियल विटोरी, जो ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ थे, उनकी भागीदारी के बारे में सोचकर यह काफी आश्चर्य की बात है, लेकिन मेरे लिए कोई बड़ा आश्चर्य नहीं है। इसके अलावा, हम एंड्रयू मैकडॉनल्ड्स के साथ कुछ भागीदारी देख सकते हैं। आप बस सनराइजर्स हैदराबाद टीम में ऑस्ट्रेलियाई स्वाद का थोड़ा सा हिस्सा देख सकते हैं।

## धोनी के अलावा 39 साल के कार्तिकका भी हो सकता है ये आखिरी आईपीएल

### जल्द होगा संन्यास का ऐलान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का आगाज होने में अब महज कुछ ही दिनों का समय रह गया है, ऐसे में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास की खबरों से बाजार गर्म है। बताया जा रहा है कि धोनी का यह बतौर खिलाड़ी सीएसके के लिए आखिरी साल हो सकता है। धोनी के इतर एक और भारतीय अनुभवी विकेट कीपर है जिसका यह आखिरी आईपीएल सीजन हो सकता है। यह खिलाड़ी और कोई नहीं बल्कि दिनेश कार्तिक है।

ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार जून में 39 साल के होने वाले दिनेश कार्तिक का यह आखिरी आईपीएल हो सकता है और वह जल्द ही अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के भविष्य पर भी अंतिम निर्णय लेंगे। दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) की ओर से अपना आईपीएल करियर शुरू करने वाले दिनेश कार्तिक का नाम उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल है जिन्होंने 2008 से लीग की शुरुआत से हर सीजन में हिस्सा लिया है। दिनेश कार्तिक के अलावा एमएस धोनी, विराट कोहली, रोहित शर्मा, शिखर धवन, ऋद्धिमान साहा और मनीष पांडे ऐसे खिलाड़ी हैं जो आईपीएल 2008 से लगातार इस लीग का हिस्सा रहे हैं।

कार्तिक ने इस लंबे आईपीएल करियर में सिर्फ दो ही मैच मिस किए हैं। पहले सीजन में उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एक मैच नहीं खेला था, वहीं 2023 में वह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एक मैच से बाहर रहे थे। इन दो मैचों के अलावा इस भारतीय विकेट कीपर ने लीग के हर मैच खेले हैं।

दिनेश कार्तिक फिलहाल आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का हिस्सा हैं। उन्हें आरसीबी ने 2022 में 5.5 करोड़ रुपए की मोटी रकम खर्च कर खरीदा था। 2022 का साल उनके लिए लाजवाब रहा था, टीम में उन्हें नई फिनिशर की भूमिका मिली थी।

इसे कार्तिक ने बड़ी इमानदारी के साथ निभाया था। आईपीएल परफॉर्मेंस के दम पर वह भारतीय टीम में भी कमबैक करने में कामयाब रहे थे। कार्तिक ने उस आईपीएल सीजन में 16 मैचों में 183.33 की लाजवाब स्ट्राइक रेट के साथ 330 रन बनाए थे। हालांकि उनका पिछला साल बेहद निराशाजनक रहा।

हादसे का

## शिकार हुए सारा





बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान को लेकर हाल ही में एक खबर सामने आई है। खबर है कि फिल्म प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस हादसे का शिकार हो गई हैं। इस बात की जानकारी खुद सारा अली खान ने एक वीडियो शेयर कर दी।

शेयर की वीडियो में सारा ने कहा-एक साथ दो-दो फिल्मों का प्रमोशन कर रही हूं और इस दौरान मेरा पेट जल गया है। हालांकि एक्ट्रेस ने इस बात की जानकारी नहीं दी है कि उनके साथ ये हादसा कैसे हुआ है। इस खबर के बाद से ही सारा के फैंस काफी परेशान हैं हालांकि, एक्ट्रेस को देखने के बाद ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन्हें ज्यादा गंभीर चोटे नहीं आई हैं।

## दमदार किरदार के साथ पुष्पा-2 में हुई संजय दत्त की एंट्री



इस वर्ष की बहुचर्चित और बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा-2 को लेकर दर्शकों में जबरदस्त क्रेज है। दर्शक बड़ी बेसब्री से 15 अगस्त को इस फिल्म के प्रदर्शन की राह तक रहे हैं। अल्लू अर्जुन अभिनीत पुष्पा- द राइज ने देशभर में जो माहौल बनाया उसने फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी जमकर कमाई जुटाकर दी।

वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा कमाने वाली इस फिल्म का सोशल मीडिया पर अलग ही क्रेज था। अब पुष्पा 2 पर काम शुरू हो चुका है और इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही इस फिल्म की हर डिटेल बहुत दबाकर रखी जा रही है। मगर अब एक ऐसी जानकारी सामने आ रही है जिससे देशभर के इसके दर्शकों को अलग ही मजा आएगा। रिपोर्ट्स का मानें तो अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2 में बॉलीवुड के खलनायक की एंट्री होने जा रही है। सियासत की एक रिपोर्ट बताती है कि संजय दत्त को, निर्देशक सुकुमार की इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण किरदार के लिए अप्रोच किया गया है।

गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले ऐसी खबरें आई थीं कि पुष्पा के निर्देशक सुकुमार ने, सीक्वल के लिए किसी ए-ईस्ट बॉलीवुड एक्टर को कास्ट करने का फैसला किया है।




## अदा शर्मा ने मंत्रों के उच्चारण से सबको चौंकाया

जब से बस्तरः द नक्सल स्टोरी का ट्रेलर रिलीज हुआ है, तब से लोगों में बड़ी एक्साइटमेंट देखी जा रही है। ट्रेलर ने दर्शकों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है और हर तरफ से इसे दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। दर्शक बेसबरी से इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं, जो विपुल अमृतलाल शाह, सुदीप्तो सेन और अदा शर्मा की दमदार तिकड़ी से आई है। जैसी जैसी रिलीज डेट पास आ रही है, फिल्म के लिए उत्साह बढ़ते जा रहा है। हाल ही में ये खुलासा हुआ है कि अदा शर्मा ने फिल्म में आईपीएस नीरजा माधवन का किरदार निभाने के लिए कड़ी मेहनत की है और अपने किरदार के लिए सही टोन सेट करने के लिए एक्ट्रेस ने दंतेश्वरी मां की पूजा कर उनका आशीर्वाद भी लिया है।

कुछ दिन पहले ही यह बात सामने आई थी कि अदा शर्मा ने बस्तर में रहकर दंतेश्वरी मां की पूजा-अर्चना सीखी है, और हाल ही में रायपुर में फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अदा ने मां के श्लोक और मंत्र पढ़कर सभी को हैरान कर दिया। ये पहली बार हुआ है भारतीय सिनेमा में जब एक एक्ट्रेस ने फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर श्लोक और मंत्र का सेशन अयोजित किया हो, और अदा और टीम बस्तर- द नक्सल स्टोरी ने अपने अप्रोच से दिल जीत लिया है।

आदा शर्मा ने बस्तर में अपने किरदार की हर छोटी-मोटी बात पर ध्यान दिया है, और इसका बड़ा क्रेडिट विपुल अमृतलाल शाह को जाता है। एक जिम्मेदार फिल्ममेकर और निर्माता के रूप में, विपुल किसी भी पहलू पर कमी नहीं करते और अपनी फिल्मों के कास्ट को किरदारों के लिए कठिन तैयारियों में शामिल करते हैं। सुदीप्तो सेन के डायरेक्शन में बनी फिल्म के ट्रेलर में अदा शर्मा को अपने बेजोड़ अंदाज में देखा जा सकता है। दर्शकों को लुभाने वाले सभी एलिमेंट से भरपूर यह फिल्म उन्हे एंटरटेन करने की क्षमता रखती है। द केरल स्टोरी की जबरदस्त सफलता के बाद, टीम एक और डेयरिंग और प्रभावशाली विषय के साथ वापस लौटी है, जिसका ट्रेलर सभी के उम्मीदों पर खरा उतरता नजर आ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### शादी से एक दिन पहले गौरव को किसने मारा, देवली एक्सटेंशन में जिम संचालक की हत्या से सनसनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एक जिम संचालक की सनसनीखेज हत्या से हड़कंप मच गया है। दक्षिणी दिल्ली के देवली एक्सटेंशन में स्थित एक फ्लैट में गौरव नाम के शख्स की लाश मिली है। बताया जा रहा है कि किसी धारदार हथियार से गौरव की हत्या की गई है। गुरुवार को गौरव की बारात जानी थी। लेकिन शादी से एक दिन पहले गौरव की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि सुबह करीब साढ़े बारह बजे तिगड़ी पुलिस स्टेशन में किसी ने फोन कर देवली एक्सटेंशन के राजू पार्क के पास हत्या की सूचना दी थी। पुलिस ने बताया, घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पता चला कि 29 साल के गौरव सिंघल पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। इसके बाद उनके परिजन उन्हें इलाज के लिए मैक्स अस्पताल में ले गए। बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। गौरव सिंघल की हत्या घर में घुस कर की गई थी। गौरव सिंघल की शादी होने वाली थी और घर में शादी की सभी तैयारियां की गई थीं। घर में खुशी का माहौल था। लेकिन अब अचानक उनकी हत्या के बाद उनके परिजन काफी दुखी हैं और उनका रो-रो कर बुरा हाल है। शादी की खुशियां मौत के मातम में तब्दील हो चुकी है। इधर पुलिस इस मामले की हर एंगल से जांच-पड़ताल करने में जुटी हुई है।

### कॉलेज को मिली बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस छात्रों को निकाला बाहर; परिसर की जांच जारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय के साउथ कैंपस में स्थित राम लाल आनंद कॉलेज मोती बाग में पुलिस को बम होने की सूचना मिली है। पुलिस ने बताया कि स्टाफ को कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी वाला कॉल आया था। कॉलेज में बम की सूचना मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कॉलेज को खाली कराया गया। डीसीपी साउथ वेस्ट रोहित मीणा के मुताबिक, धमकी भरा यह कॉल गुरुवार सुबह करीब 9ः34 बजे आया। डीसीपी ने बताया कि तुरंत, एंबुलेंस, बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) और बम निरोधक टीम (बीडीटी) के साथ पुलिस कॉलेज पहुंची और छात्रों को वहां से निकाला गया। फिलहाल कॉलेज की तलाशी और जांच की जा रही है। हालांकि अबतक की जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस ने कॉलेज की तलाशी पूरी कर ली है। इस दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। प्रिंसिपल ने बताया कि परिसर खाली करा लिया गया। बताया जा रहा है कि कॉलेज कर्मचारी को वाट्सऐप पर एक कॉल आई जिसमें कॉलेज को बम से उड़ाने की बात कही गई। उन्होंने प्रिंसिपल को इसकी सूचना दी जिन्होंने पुलिस को कॉल किया। आनन-फानन में छात्रों को कॉलेज से बाहर निकाला गया।

### गौर सिटी में भड़की भीषण आग, धुएं से सोसाइटी में मची अफरातफरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी-2 में गुरुवार को एक बार फिर भीषण आग लग गई। गौर सिटी के 16 ऐवेन्यू के एक टावर में सुबह अचानक आग लग गई। एक फ्लैट से भड़की आग दूसरे फ्लैट तक पहुंच गई। गनीमत है कि आग फैलने से पहले फ्लैट में मौजूद लोग सही सलामत बाहर निकल गए। दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया है। स्थित गौर सिटी-2 के 16 एवेन्यू में भीषण आग की वजह से सोसाइटी में अफरातफरी मची रही। आग पहले जिस फ्लैट में लगी थी, उससे फैलकर दूसरे फ्लैट तक पहुंच गई है। दो फ्लैट्स में लगी से निकले धुएं ने कई टावर को चपेट में ले लिया। धुएं की वजह से कुछ लोगों को सांस लेने में दिक्कत आई। लोग तेजी से नीचे आ गए। गनीमत रही कि फ्लैट में फंसे परिवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। दमकल की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग को नियंत्रित किया। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। इससे पहले भी सोसाइटी में आग लगने की कुछ घटनाएं हो चुकी हैं।

# वरुण गांधी को किनारे कर सकती है भाजपा?

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
आगामी लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हाल ही में अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। लिस्ट के आने के साथ ही पार्टी के कुछ प्रमुख सांसदों सहित कई मौजूदा सांसदों के भाग्य के बारे में अनिश्चितता बनी हुई है। खासतौर से 80 सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश में, जहां भागवा पार्टी लगातार दो चुनावों में बंपर जीत हासिल करती आ रही है। भाजपा नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश के 29 सहित 150 से अधिक लोकसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा को रोक रखा है। इनमें गांधी परिवार से आने वाली मेनका गांधी और उनके बेटे वरुण गांधी की सीट भी शामिल है।

यूपी में भाजपा ने अधिकांश उस क्षेत्र की सीटें रोक रखी हैं जहां छोटे दलों के साथ सीट-बंटवारे की डील को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। इनमें प्रमुख चेहरों केंद्रीय मंत्री वीके सिंह (गाजियाबाद), मेनका गांधी (सुल्तानपुर), उनके बेटे वरुण गांधी (पीलीभीत) और विवादास्पद कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर तलवार लटकी हुई है। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि भाजपा द्वारा मेनका और वरुण को टिकट देना संभव नहीं है।

वर्तमान में मेनका गांधी सुल्तानपुर और उनके बेटे वरुण गांधी पीलीभीत से लोकसभा सांसद हैं। भाजपा में उनके भविष्य पर अटकलें लग रही हैं। 2014 में



सुल्तानपुर से जीते वरुण गांधी ने 2019 में अपनी मां के साथ सीटों की अदला-बदली कर ली थी। ऐसे संकेत हैं कि भाजपा नेतृत्व कई मौकों पर पार्टी लाइन का पालन न करने और सरकार की खुली आलोचना के लिए वरुण को पीलीभीत से बदलने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। वरुण गांधी पिछले दो ढाई साल से अपनी ही प्रदेश और केंद्र सरकार को असहज करने वाले सवाल उठाते रहे हैं। हालांकि सांसद के तेवर पहले से काफी नरम पड़ चुके हैं। लेकिन उनकी इन कड़े तेवरों का असर उनकी मां की चुनावी राजनीति पर भी पड़ सकता है। द ट्रिब्यून ने एक भाजपा नेता के हवाले से लिखा कि मेनका गांधी अपनी जेठानी सोनिया गांधी की तरह बेटे के लिए संन्यास ले सकती हैं। उन्होंने कहा, यह देखने वाली बात होगी कि क्या मेनका गांधी अपने बेटे के लिए उसी तरह कदम उठाएंगी जिस तरह सोनिया गांधी ने संन्यास लिया है। उन्होंने कहा कि वरुण की भविष्य की योजनाएं अभी भी स्पष्ट नहीं हैं। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सितंबर 2023 में पुराने संसद भवन के विदाई समारोह में मेनका गांधी को बोलने का मौका देने के बाद उनकी भाजपा विरोधी पिच नरम हो गई। 17वीं लोकसभा में आठ बार की सबसे वरिष्ठ सांसद मेनका ने इस दौरान प्रधानमंत्री की खूब तारीफ की थी।

एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से लिखा था कि भाजपा नेतृत्व वरुण गांधी की जगह पीलीभीत से एक लोकप्रिय पार्टी और मौजूदा विधायक को उतार सकती है। रिपोर्ट में भाजपा सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि ओबीसी समुदाय से आने वाले यह नेता दो बार के विधायक हैं और कहा जाता है कि पार्टी संगठन और योगी आदित्यनाथ सरकार के भीतर उनकी अच्छी पकड़ है।

देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी ने साल 2018 में कांग्रेस पार्टी की अहम जिम्मेदारियों से संन्यास ले लिया था। इसके साथ ही उन्होंने अपने बेटे राहुल गांधी के लिए रास्ता साफ कर दिया। सोनिया के संन्यास लेने के बाद उनके बेटे राहुल गांधी को निर्विरोध नया कांग्रेस अध्यक्ष चुना गया था। हालांकि 2019 में लोकसभा चुनाव हार के बाद राहुल गांधी ने भी कांग्रेस अध्यक्ष पद छोड़ दिया था। इसके बाद कुछ सालों के लिए सोनिया गांधी ने कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष का पदभार संभाला। इसके बाद अब मल्लिकार्जुन खरगे कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। 77 वर्षीय सोनिया गांधी 1998 से पार्टी अध्यक्ष थीं। वह 1999 में संसद के लिए चुनी गईं थीं। अब इस साल सोनिया गांधी ने चुनावी राजनीति भी छोड़ दी और अब वे राज्यसभा सांसद हैं।

## बैंक को चूना लगाकर भागा शख्स 24 साल बाद लाया गया भारत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बैंक को चूना लगाकर देश से भागने के आरोपी विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहल चौकसी को भारत वापस लाने में भले ही अभी तक सफलता नहीं मिली है। लेकिन जांच एजेंसियां किस तरह किसी आरोपी को कानून के कटघरे में लाने के लिए लगातार प्रयास में जुटी रहती हैं, इसकी एक मिसाल सामने आई है। बैंक से धोखाधड़ी करके विदेश भागे ऐसे एक आरोपी को सीबीआई 24 साल बाद भारत वापस लाने में सफल हुई है। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक इंटरपोल की मदद से आरोपी राजीव मेहता को अमेरिका में पकड़ा गया और फिर बुधवार को भारत लाया गया है। सीबीआई प्रवक्ता आरसी जोशी ने एक बयान में बताया कि सीबीआई के ग्लोबल ऑपरेशंस सेंटर ने इंटरपोल के जरिए नेशनल सेंट्रल ब्यूरो-वॉशिंगटन के साथ काम किया। आरोपी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। आरोपी राजीव मेहता 1988 में सीबीआई की ओर से दर्ज किए गए आपराधिक केस में आरोपी हैं। अधिकारियों के मुताबिक मेहता पर धोखाधड़ी, चोरी और आपराधिक साजिश के तहत केस दर्ज है। जोशी ने बताया कि मामला सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से जुड़ा है। ग्रेटर कैलाश पार्टी-द्वद्व ब्रान्च में फर्जी अकाउंट खोलकर गलत तरीके से ड्राफ्ट को भुनाया गया था मेहता को 1999 में कोर्ट ने भगोड़ा घोषित किया था। सीबीआई ने 16 जून 2000 को रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराते हुए इंटरपोल के सभी सदस्य देशों से गिरफ्तारी में मदद की अपील की थी। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि विदेशी एजेंसियों के साथ लगातार सहयोग और समन्वय की वजह से 2023 में 29 वांछित अपराधियों को भारत लाया गया।

## वायुसेना का पूर्व कर्मचारी कैसे बना पेपर लीक का मास्टरमाइंड, लाल डायरी खोलेगी राज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित परीक्षा का पेपर लीक करने के मामले में शामिल आरोपी प्रमोद पाठक ने कई अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के भी पर्चे लीक करा चुका है। पेपर लीक कर देने की एवज में वह तीन से 15 लाख रुपये तक अभ्यर्थियों से वसूलता था। सॉल्वर की व्यवस्था भी प्रमोद और उसके साथी कराते थे। मुखर्जी नगर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे मेधावी छात्रों से प्रमोद संपर्क बढ़ाता था और उन्हें पैसों का लालच देकर बतौर सॉल्वर परीक्षा हॉल में भेज देता था। बेरोजगार छात्र कई बार पैसे के लालच में आकर उसके जाल में फंस जाते थे। कोचिंग में पढ़ने वाले छात्रों से भी वह संपर्क करता था और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में पास कराने की गारंटी भी देता था। जिस स्तर की परीक्षा होती थी, उसी प्रकार से उसका रेट भी तय था। पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए तीन लाख से 15 लाख रुपये तक वसूले गए। एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने बुधवार को वायुसेना के बर्खास्त कर्मी प्रमोद को दिल्ली के मुखर्जी नगर से गिरफ्तार कर लिया। वर्तमान में वह नोएडा के सेक्टर-37 स्थित अरुण विहार कालोनी में परिवार के साथ रह रहा है। उसके घर की जब तलाशी ली गई तो वहां से एक फर्जी आधार कार्ड, एक असली आधार कार्ड, एक वायुसेना की आइडी का फर्जी कार्ड, 26 एडमिट कार्ड, 38 बैंक चेक, चार चेकबुक, 14 पेज पुलिस भर्ती से संबंधित, दो डायरी, दो मोबाइल और 500 रुपये बरामद हुए। एसटीएफ के उपनिरीक्षक अक्षय परवीर कुमार त्यागी द्वारा सेक्टर-39 थाने में गिरफ्त में आए आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। आरोपी की पहचान प्रमोद पाठक के रूप में हुई है। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा ने बताया कि बीते 17 और 18 फरवरी को आयोजित आरक्षी भर्ती परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक करने वाले गिरोह के बारे में सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। इस मामले एसटीएफ की टीम द्वारा गिरोह के सदस्य मोनू गुर्जर, रजनीश रंजन और अभिताभ रावत को झांसी से पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। तीनों ने पुलिस को बताया था कि उसका एक साथी दिल्ली में सक्रिय है, जो पेपर लीक कराने का काम करता है और सॉल्वर भी उपलब्ध कराता है। मंगलवार को टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि आरक्षी भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने वाला व्यक्ति प्रमोद पाठक मुखर्जी नगर में मौजूद है। इसके बाद टीम ने प्रमोद को दबोच लिया और नोएडा स्थित उसके घर की तलाशी ली गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने 2023 में केंद्रीय विद्यालय की परीक्षा का पेपर लीक कराया था। जिसमें बनारस का उसका साथी जेल गया था। यही नहीं यूपी फारेस्ट 2022 की परीक्षा भी साथी के साथ मिलकर लीक कराई गई। 2019 में जेल वार्डन की परीक्षा का पेपर लीक कराया। कई अन्य पेपर लीक कराने की जानकारी आरोपी ने पुलिस को दी।

## सर्वे दिखा रहे कम, फिर एनडीए कैसे करेगा 400 सीट पार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के ऐलान से पहले भाजपा लगातार अपने कुनबे के विस्तार में जुटी है। बिहार में नीतीश की पार्टी जेडीयू को साथ लिया, फिर यूपी में जयंत चौधरी की आरएलडी को ले आए। पंजाब में अकाली दल से वार्ता चल रही है और इस बीच ओडिशा की सत्ताधारी पार्टी बीजू जनता दल से भी गठबंधन के कयास हैं। ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक से खुद पीएम नरेंद्र मोदी के बहुत अच्छे रिश्ते रहे हैं। पिछली दोनों सरकारों में लोकसभा और राज्यसभा में किसी भी अहम प्रस्ताव पर बीजू जनता दल और वाईएसआर जैसी पार्टियों ने समर्थन किया ही था। अब भाजपा चाहती है कि बीजेडी को साथ लेकर एनडीए कुनबे को मजबूत किया जाए। इससे 400 के आंकड़े को पार करने में भी मदद मिलेगी। अब तक के चुनावी इतिहास में सिर्फ राजीव गांधी को 1984 में 400 से ज्यादा सीटों वाला बहुमत मिला था। तब यह भी माना गया था कि इंदिरा गांधी की हत्या से सहानुभूति की लहर का भी फायदा मिला है। अब यदि भाजपा ऐसा करिश्मा कर देती है तो यह उसकी बड़ी उपलब्धि होगी। हालांकि अब तक जो सर्वे आए हैं, उनमें एनडीए को 370 के आसपास ही दिखाया गया है। जी न्यूज के सर्वे में एनडीए को 377 सीट दी गई हैं। वहीं इंडिया टीवी के सर्वे में भी कमोबेश यही स्थिति है। इंडिया टुडे के मूड ऑफ द नेशन सर्वे में तो एनडीए को 335 सीटें ही दी गई हैं। ऐसे में भाजपा चाहती है कि इस कमी को बीजू जनता दल जैसे दलों को साथ लाकर पूरा किया जाए। ओडिशा में लोकसभा की कुल 21 सीटें हैं। 2019 में बीजेडी ने 12 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा को 8 पर विजय मिली थी। एक सीट पर कांग्रेस जीती थी। इस बार जैसा माहौल है, भाजपा चाहती है कि ओडिशा में बीजेडी को लेकर क्लीन स्वीप कर लिया जाए। ऐसा हुआ तो सर्वे में जो आंकड़ा 375 के आसपास अटक रहा है, वह थोड़ा आगे बढ़ जाएगा। इसके अलावा आंध्र प्रदेश में टीडीपी या वाईएसआर में से किसी एक साथ लेने पर आंकड़ा 400 के पार भी जा सकता है।

पंजाब में अकाली दल को साथ लेने पर भी एकाध सीट का फायदा मिलेगा।

सूत्रों के अनुसार भाजपा की कोशिश यहां तक है कि यदि उद्धव ठाकरे गुट साथ आना चाहे तो महाराष्ट्र में उसे भी लिया जाए। यह बात महाविकास अघाड़ी में भी चल रही है। यही वजह है कि प्रकाश आंबेडकर की पार्टी ने गठबंधन के लिए उद्धव सेना के आगे शर्त ही रख दी है कि वह लिख के दें कि भाजपा के साथ नहीं जाएंगे। गौरतलब है कि बजट सेशन में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि जनता से हमें भरोसा है कि इस बार भाजपा को अकेले 370 सीटें मिलेंगी और एनडीए 400 का आंकड़ा पार कर जाएगा।

## दक्षिणी गाजा में एक इजरायली सैनिक की मौत, पांच गंभीर रूप से घायलः आईडीएफ



**तेल अवीव, एजेंसी।** दक्षिणी गाजा पट्टी में बुधवार को लड़ाई के दौरान इजराइली रक्षा बल (आईडीएफ) के एक सैनिक की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इससे हमास के खिलाफ जमीनी हमले में मारे गए आईडीएफ सैनिकों की संख्या 247 हो गई है। मृतक सैनिक की पहचान गनोत हदर के ओकेट्ज़ कैनाइन यूनिट के 21 वर्षीय स्टाफ सार्जेंट डेविड सैसन के रूप में की गई। आईडीएफ ने एक बयान में कहा, हमास के खिलाफ उसी लड़ाई में कम से कम 12 सैनिक घायल हो गए। इनमें से पांच की हालत गंभीर है। दक्षिणी गाजा में एक अलग घटना में उनका एक अन्य सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## ब्रिटेन में भारतीय मूल की महिला पर 10 साल की बेटी की हत्या करने का आरोप, वॉल्वरहैम्प्टन मजिस्ट्रेट कोर्ट में किया पेश

**लंदन एजेंसी।**
33 वर्षीय भारतीय मूल की महिला बुधवार को ब्रिटेन की एक अदालत में पेश हुई, जिस पर उसकी 10 वर्षीय बेटी की हत्या का आरोप है, जो इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र के एक शहर में अपने घर पर मृत पाई गई थी।

जसकीरत कौर, जिसे जैस्मीन कांग के नाम से भी जाना जाता है, शे कांग की हत्या के आरोप में वॉल्वरहैम्प्टन मजिस्ट्रेट कोर्ट के सामने पेश हुई, जिसे उसके स्कूल की ओर से श्रद्धांजलि के दौरान उज्ज्वल बच्ची बताया गया था। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने कहा कि लड़की को सोमवार को राउली रेजिस के एक पते पर चोटों के साथ पाया गया था और उसे घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया था। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस के डिटेक्टिव इंस्पेक्टर डैन जेराट ने कहा, हमारी संवेदनाएं शे के परिवार और दोस्तों के साथ हैं। उनकी दुखद मृत्यु का उनके जानने वालों के साथ-साथ व्यापक समुदाय पर भी गहरा प्रभाव पड़ा है। हम अनुरोध करते हैं कि हमारी पूछताछ जारी रहने तक उन्हें निजी तौर पर शोक मनाने के लिए छोड़ दिया जाए। उन्होंने कहा, जो कुछ हुआ उससे समुदाय स्तब्ध रह गया है और हम आने वाले दिनों में क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति जारी रखेंगे और अपना समर्थन देंगे। कौर को सोमवार को उस आवासीय संपत्ति से गिरफ्तार किया गया था जहां उनकी बेटी का शव मिला था। रॉबिन क्लोज की संपत्ति पर घेरा बना हुआ है और मौत का कारण स्थापित करने के लिए उचित समय पर पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस ने उस समय कहा, इस स्तर पर हम जांच के हिस्से के रूप में किसी और की तलाश नहीं कर रहे हैं।ब्रिकहाउस प्राइमरी स्कूल, जहां शाय छात्र था, ने एक बयान जारी कर कहा कि स्कूल मौत से बहुत दुखी है। शाय एक उज्ज्वल, खुशमिजाज, मौज-मस्ती करने वाली बच्ची थी जिसे सभी लोग बहुत पसंद करते थे और सभी को उसकी बहुत याद आएगी। स्कूल समुदाय का दिल है और हमने इस खबर के बाद अपने बच्चों और कर्मचारियों के साथ काम करना शुरू कर दिया है। खिलौने, कार्ड और गुब्बारों सहित श्रद्धांजलि तब से राउली रेजिस शहर में रॉबिन क्लोज पर पुलिस घेरे के पास रखी गई है, जहां स्कूली छात्रा अपनी मां के साथ रहती थी। उसी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के कुछ माता-पिता ने भी शे के अंतिम संस्कार के लिए धन इकट्ठा करने के लिए एक ऑनलाइन गो फंड मी फंडरेजर की स्थापना की है, जिसमें अब तक ञ्च 3,800 से अधिक जुटाए जा चुके हैं। धन संचयकर्ता में लिखा है- जैसा कि आप जानते होंगे कि उसकी माँ के अलावा उसका कोई परिवार नहीं था। इसका उद्देश्य एक समुदाय के रूप में एक साथ आकर उसके अंतिम संस्कार के लिए धन जुटाने में मदद करना और फूलों, शिला आदि के साथ मदद करना है। हम जो सबसे अच्छा कर सकते हैं वह यह सुनिश्चित करना है कि वह सबसे खूबसूरत तरीके से ऊंची उड़ान भर सके।

# युद्ध से गाजा का बुरा हाल, हमास अब ले फैसला, अमेरिका ने जताया भुखमरी का अंदेशा

**काहिरा , एजेंसी।**
गाजा में स्थायी युद्धविराम की शर्त पर अड़े हमास को अमेरिका ने आगाह किया है कि युद्ध रोकने का फैसला अब उसके हाथ में है। गाजा का बुरा हाल है, हमास अब फैसला ले। काहिरा में हमास के साथ मिस्त्र और कतर के अधिकारियों की वार्ता चल रही है, लेकिन इजरायल उसमें शामिल नहीं है।

इजरायल के पास मिस्त्र के जरिये वार्ता की प्रगति की सूचनाएं जा रही हैं। हमास द्वारा जीवित बंधकों के नामों की सूची न देने से इजरायल वार्ता में शामिल नहीं हुआ है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने हमास से युद्धविराम की शर्तों को मान लेने का अनुरोध किया है।

उन्होंने कहा कि इजरायल छह हफ्ते के युद्धविराम की शर्त को मान रहा है, इसके बदले में बंधकों की रिहाई सुनिश्चित की जाए। वार्ता में हमास नई शर्तें खड़ी न करे। गाजा में युद्धविराम इसलिए भी जरूरी है क्योंकि वहां पर बेघर फलस्तीनियों तक पर्याप्त राहत सामग्री नहीं पहुंच पा रही है और लाखों लोगों की जान खतरे हैं। इसी तरह से करीब 130 इजरायली बंधक और इजरायल में उनके परिवार मुश्किल में हैं। हमास ने कहा है कि वह आक्रमणकारी इजरायली सेना की वापसी और स्थायी युद्धविराम की मांग कर रहा है। अगर यह नहीं होता है तो फिर युद्धविराम का क्या मतलब है। इसलिए इजरायल को समझौते में लचीला रुख अपनाना चाहिए। युद्ध के पांच महीनों में हुए इजरायली हमलों में गाजा में मरने वालों की संख्या 30,717 हो गई है। बुधवार को विभिन्न स्थानों पर 86 लोग मारे गए हैं। गाजा की 23 लाख की आबादी में से 20 लाख लोग बेघर हो चुके हैं और विभिन्न स्थानों पर शरण लिए हुए हैं। इन तक राहत सामग्री न पहुंचने से लाखों लोगों के भुखमरी के शिकार होने के खतरा पैदा हो गया है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की कोशिश है कि गाजा में अविलंब युद्धविराम लागू हो जिससे भूख से होने वाली मौतों को रोका जा सके।



इस बीच अमेरिका ने एक बार फिर गाजा में बेघर लोगों के लिए विमान से खाने के पैकेट और अन्य जरूरी सामग्री गिराई है। अमेरिकी उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के बाद अब ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने सख्त लहजे में कहा है कि वह इजरायल की वार कैबिनेट के सदस्य बेनी गेंट्ज के लंदन दौरे में उनसे साफ कहेंगे कि गाजा में आमजनों की दुर्दशा पर ब्रिटेन का संयम खत्म हो रहा है। इजरायल युद्ध रोकने और आमजनों तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए समझौता करे।

## उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति ने अपने देश की सेना से युद्ध अभ्यास तेज करने का किया आह्वान

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास को ध्यान में रखते हुए अपने देश की सेनाओं से भी युद्ध अभ्यास तेज करने का आह्वान किया है। यह जानकारी उत्तर कोरिया की राज्य मीडिया ने दी। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कहा कि बुधवार को देश के पश्चिमी क्षेत्र में सैनिक अड्डे की यात्रा के दौरान, किम ने प्रशिक्षण सुविधाओं का निरीक्षण किया और सैनिकों को युद्धाभ्यास तेज करने का आह्वान किया। केसीएनए ने कहा, उन्होंने युद्ध में जीत सुनिश्चित करने के लिए व्यावहारिक वास्तविक-युद्ध अभ्यास को तेज करने के सुझाव दिए। केसीएनए के मुताबिक किम ने सेना को दुश्मनों की क्षमता को देखते हुए अपनी क्षमता में सुधार करने के लिए अभ्यास तेज करने का निर्देश दिया। किम की यह यात्रा दक्षिण कोरिया और अमेरिका द्वारा सोमवार को शुरू अपने वार्षिक फ्रीडम शील्ड अभ्यास के दो दिन बाद हुई।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रकः- देवेन्द्र मालवीय द्वारा श्री सिंध्दी विनायक प्रिंटर्स 26 बी देशबंधु परिसर प्रेस काम्प्लेक्स झोन 1 एम पी नगर भोपाल म.प्र. से मुद्रित एवं 773 / 19 मेघदूत नगर इंदौर म.प्र. से प्रकाशित सम्पादक डॉ. देवेन्द्र मालवीय

कार्यालय पताः- 435 ऑर्बिट मॉल विजय नगर, इंदौर मध्यप्रदेश मोः- 98276-22204 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र इंदौर रहेगा।

दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त सूचनाए, विचार, आलेख विभिन्न समाचार के स्त्रोत एवं संकलन लेखकों के व संकलनकर्ता के स्वंय जिनका संकलन विभिन्न एजेंसियों, के माध्यम से किया गया है, अतः समस्त प्रकार के प्रकाशन हेतु संपादक, प्रकाशक, मुद्रक का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहमत होना अनिवार्य नही है।